दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 14 दिसम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 356 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

19 दिसंबर से शुरू होगा उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार सत्र का आगाज 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगा। मंगलवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के माध्यम से सत्र का प्रस्ताव मंजूर किया था। इसके बाद इसे अंतिम स्वीकृति के लिए राज्यपाल को भेजा गया था, जहां से मंजूरी मिल गई है। खास बात यह है कि यह सत्र उसी दिन शुरू होगा, जिस दिन दिल्ली में संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होगा।

इस बार सत्र भले ही कम दिनों का हो, लेकिन सरकार ने इसे बेहद कार्यव्यस्त बनाने की तैयारी की है। सूत्रों के मुताबिक सरकार 22 दिसंबर को चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश कर सकती है। इसके साथ ही ग्रामीण विकास, आवास, सड़क निर्माण, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव प्रमुख रूप से शामिल रहने की संभावना है।

आगामी पंचायत चुनावों से पहले बुलाए गए इस सत्र को राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विपक्ष पहले से ही हमलावर है। सपा, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार को सदन में घेरने की रणनीति तैयार कर रही है। विपक्ष कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। हाल के विवादित घटनाओं का मुद्दा भी विपक्ष सदन में उठा सकता है।

वहीं रक्फ़अभियान को लेकर उठ रहे सवालों के कारण भी सरकार को जवाब देना पड़ सकता है। बताते चले योगी सरकार सत्र के दौरान अपने दूसरे कार्यकाल में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत करने की तैयारी में है। साथ ही सरकार पिछले महीनों में जारी कई अध्यादेशों को विधेयक के रूप में पारित कराकर उन्हें कानून का रूप देने पर भी फोकस करेगी।

संसद हमले की 24वीं बरसी

पीएम मोदी-राहुल और शाह समेत कई नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली: संसद भवन पर हमले की 24वीं बरसी है। देश उन वीर सपूतों को याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकियों को मंसूबों को नाकामयाब कर दिया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र, मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने शहीदों को याद कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, आज का दिन आतंकवाद के खिलाफ हमारे सुरक्षाबलों के उस अदम्य शौर्य व साहस को फिर से स्मरण करने का दिन है, जब वर्ष 2001 में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर, हमारे संसद भवन पर हुए कायराना आतंकी हमले को उन्होंने अपने जज्बे से नाकाम किया। आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले सुरक्षा बलों

के जवानों को नमन करता हूं। यह राष्ट्र वीर सेनानियों के त्याग व बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

बहादुर सुरक्षाकर्मियों को दिल से श्रद्धांजलि... : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ₹संसद भवन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के दौरान अटूट ढाल बनकर खड़े रहने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को याद कर रहा हूं और उन्हें दिल से श्रद्धांजलि दे रहा हूं। उन्होंने हमारे लोकतंत्र की आत्मा की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी। उनका साहस, सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्य के प्रति अटूट भावना हमेशा देश की चेतना में जीवित रहेगी और भारत के संकल्प को प्रेरित करेगी।

संसद भवन पर 2001 में हुए दुस्साहसी आतंकवादी हमले के दौरान देश के सम्मान की रक्षा करने वाले शहीद जवानों को कोटि कोटि नमन और विनम्र श्रद्धांजलि। भारत आपका यह बलिदान हमेशा याद रखेगा और इससे देशप्रेम की प्रेरणा लेता रहेगा।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, जब संसद पर हमला हुआ था और उसमें हमारे जो सुरक्षाबल शहीद हो गए, उन्हें हम हर साल संसद परिसर में श्रद्धांजलि देते हैं। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और संसद के सभी सदस्य उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। हम कभी नहीं भूल सकते कि जब आतंकियों ने लोकतंत्र के इस मंदिर पर हमला किया था तब इन बहादूरों ने अपनी जान देकर लोकतंत्र के इस मंदिर को बचाया था। आज हम उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, आज का दिन संसदीय इतिहास का एक बहुत दुखद दिन है, इस दिन इसी संसद में जिस तरह आतंकियों ने हमला किया था। हमारी सुरक्षाबलों की और संसद के स्टाफ की सराहना करनी होगी कि उन्होंने आतंकियों का पूरा मुकाबला किया, जिसमें वे शहीद हो गए। संसद यानि लोकतंत्र पर हमले का आज प्रयास था, इसीलिए यह शहीदी दिवस मनाया जाता है, सभी लोग शेष, पृष्ठ 2

ट्रंप के सीजफायर दावे के उलट कंबोडिया बॉर्डर पर बमबारी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीजफायर कराने के दावे के बावजूद दोनों देशों के बीच सीमा पर लड़ाई थमती नहीं दिख रही है। कंबोडिया ने दावा किया है कि शनिवार सुबह भी थाई सेनाएं विवादित सीमा पर हमले कर रही हैं, जबकि थाईलैंड ने उलटे कंबोडिया पर अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

फिलहाल, थाईलैंड और कंबोडिया के बीच विवादित सीमा पर सैन्य टकराव नहीं रुक रहा। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में अहम भूमिका निभाई है।

कंबोडिया के सूचना मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि थाई सैन्य बलों ने सीमा पार हमले बंद नहीं किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, थाई सेनाएं अब भी बमबारी कर रही हैं और इन हमलों में फाइटर जेट्स का भी इस्तेमाल किया गया है।

दिल्ली में सांसों पर संकट: स्मॉग की चादर से ढकी राजधानी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। शनिवार सुबह की शुरूआत धुंध और हल्के कोहरे के साथ हुई। आसमान में स्मॉग की चादर दिखाई दी। कई क्षेत्रों में जहरीली स्मॉग की मोटी परत छाई रही। इसके चलते दृश्यता कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। वहीं, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया, जो हवा की गंभीर श्रेणी को दशार्ता है।

आज यानी शनिवार सुबह एम्स

एक्यूआई 400 पार, गंभीर श्रेणी में दर्ज प्रदूषण

क्षेत्र में दृश्यता कम रही। स्मॉग की परत छाई रही, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। यही हाल आनंद विहार में भी रहा। क्षेत्र के आसपास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 434 दर्ज किया गया है, जिसे सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के अनुसार गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

आईटीओ क्षेत्र में जहरीली स्मॉग की मोटी परत छाई रही। क्षेत्र के आसपास एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 417 दर्ज किया गया है, जिसे सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के अनुसार गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द कर सकते हैं गाजियाबाद का निरीक्षण

रात्रि विश्राम के साथ ही रैन बसेरा व अलाव व्यवस्था की भी करेंगे समीक्षा

- इसी सप्ताह बन सकता है सीएम का कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कड़ाके की भले अभी ठंड गाजियाबाद में दस्तक नहीं दे रही हो लेकिन जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद निरीक्षण दौरा जल्द कर सकते है।

पार्टी के सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी इसी सप्ताह गाजियाबाद पहुंच सकते हैं, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर अभी दौरे की अंतिम तिथि और कार्यक्रम तय नहीं किया गया है। संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर सकती हैं। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे वहां ठहरे जरूरतमंद, बेसहारा और सड़क पर जीवन यापन करने वाले लोगों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेंगे। रैन बसेरों में ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा इंतजामों की भी समीक्षा की जाएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री अलाव की व्यवस्था का भी जायजा लेंगे। सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर जलाए जा रहे अलाव, कंबल वितरण और अन्य राहत कार्यों की स्थिति पर अधिकारियों से रिपोर्ट ली जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकते हैं। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री का गाजियाबाद में रात्रि विश्राम प्रस्तावित है, जिससे वे देर रात शहर की व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन कर सकें।

मुख्यमंत्री के रात्रि निरीक्षण की संभावना को देखते हुए प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। दौरे से पहले नगर निगम को रैन बसेरों की क्षमता बढ़ाने, अलाव की संख्या बढ़ाने और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं पुलिस प्रशासन को सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश मिले हैं। मुख्यमंत्री का यह दौरा शीतकालीन राहत व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

SIR अभियान को लेकर मिल तो गया है आयोग की तरफ से एक्सटेंशन सवाल यही है कि कितनी कम हो पायेगी इसके बावजूद टेंशन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव आयोग ने जोर शोर से एसआईआर अभियान की घोषणा की। हालाकि ये अभियान कोई पहली बार नहीं हो रहा है। इससे पहले भी मतदाता सूचि को लेकर गहन पुनरिक्षण अभियान होता रहा है। इस अभियान को भाजपा ने जोर शोर से प्रचारित किया और प्रचार का तरीका उलटे भाजपा के लिए खतरे की घंटी बन गया। प्रचार तंत्र ने इसे लेकर एक समुदाय विशेष को टारगेट किया। अपने अपने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई। लेकिन यहां पर भाजपा का गढ़ माने जाने वाले ईलाकों में बीएलओ तो एक्टिव नजर आये लेकिन बीएलए एक्टिव मोड में नजर नहीं आये। गाजियाबाद के लिए ये अभियान इन मायनों में भी खास है कि यहां से शहर विधायक संजीव शर्मा को इस अभियान का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया। ये अभियान उस विधानसभा में पिछड़ गया जहां प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री रहते हैं। ये अभियान उस विधानसभा में पिछड़ गया जिसमें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ कहानी में ट्विस्ट तब आ गया जब वोटर लिस्ट को लेकर वो वर्ग हाई अलर्ट मोड पर आ गया जिसे इस लिस्ट से साफ करने की बात चल रही थी। यहां पर राजनीतिक दलों ने मेहनत की और खास तौर से भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं, पार्षदों के साथ मिलकर ये फार्म बंटवाये। लेकिन फार्म में मांगी गयी कुछ सूचनायें ऐसी हैं कि आधे



मुख्यमंत्री के आगमन से पहले एक बैठक हुई थी और बैठक में शहर विधायक तथा एसआईआर के प्रदेश सहसंयोजक संजीव शर्मा ने आंकड़ों की प्रस्तुति और सफलता की ताली का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि हम पिछड़ रहे हैं और ये ताली बजाने का विषय नहीं है ये चिंतन का विषय है।

से ज्यादा फार्म लौटकर ही नहीं आये। फार्म रिटर्न नहीं हुए और इसी बात ने भाजपा नेताओं की सियासी बेचैनी बढ़ा दी। क्योंकि फार्म वापस ना आने का मतलब ये है कि वो वोट अब मतदाता सूचि से हट जायेंगे। पहले जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में डीएम ने कुछ सूचनाओं को लेकर कहा कि मतदाता भ्रमित ना हों और यदि जानकारी नहीं है तो कॉलम खाली छोड़ दें, लोगों ने ऐसा किया तो बीएलओ ने कह दिया कि फार्म खाली है तो या फार्म 3 वाली जानकारी नहीं भरी गयी है तो फार्म अधूरा माना जायेगा। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले एक बैठक हुई थी और बैठक में शहर विधायक तथा एसआईआर के प्रदेश सहसंयोजक संजीव शर्मा ने आंकड़ों की प्रस्तुति और सफलता की ताली का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि हम पिछड़ रहे हैं और ये ताली बजाने का विषय नहीं है ये चिंतन का विषय है। इसके बाद राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने भी आंकड़ों को लेकर हैरानी जताई थी और कहा था कि इसे किसी भी लिहाज से सफलता नहीं कहा जा सकता। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने तो इसी बैठक में सीधे सीधे असहयोग वाले रवैये के लिए पार्षदों को जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर पार्षदों का सहयोग ऐसा ही रहेगा तो फिर हमारा सहयोग भी टिकट वितरण के समय ऐसा ही रहेगा। बहरहाल इन सब के बीच अब चुनाव आयोग ने इस अभियान की तिथि बढ़ाई है और इसे एक्सटेंशन दे दिया है। लेकिन सवाल यही है कि चुनाव आयोग के एक्सटेंशन के बाद भी कितनी टेंशन कम हो पायेगी। क्योंकि यहां उदासीनता वाले सीन में राजनीतिक दल नहीं हैं बल्कि स्वयं मतदाता हैं। बीएलओ मतदाताओं के घर पहुंचे और उन्हें फार्म रिसीव कराया। सबकुछ बताया कि क्या जानकारी भरी जानी है और भरकर इसमें फोटो लगाकर हमें देना है। लेकिन हैरानी तब हुई जब लौटने वाले फार्म का प्रतिशत हाफ ही रह गया। कहीं कहीं तो इससे भी कम रह गया। मुख्यमंत्री ने हाल ही की समीक्षा बैठक में अभियान की धीमी गति पर चिंता जताई थी। अब जब अभियान की तिथि बढ़ गयी है तो ये देखने की बात है कि मतदाताओं की रूची कितनी बढ़ती है। कितने फार्म लौटकर आते हैं। इसके अलावा जब फार्म 6 भरे जायेंगे तो इनकी संख्या कितनी होगी। इसमें लोग कितनी रूची लेंगे। अभियान की डेट बढ़ने क बाद फार्मों की संख्या में कितनी वृद्धि होगी। यहां पर टेंशन की बात ही यही है कि जहां पर वोटों की संख्या घटी है वो ईलाके भाजपा का गढ़ माने जाते हैं।

आंकड़ों में भले ही ये बात कह दी जाये कि ये शिफ्टिंग वोट हैं और ये मतदाता चाहते हैं कि उनके मूल स्थान पर ही उनका वोट हो और ये वहां जाकर वोट करें। लेकिन हकीकत ये है कि चुनाव के वक्त जहां पर वोट है वहां ये प्रवासी मतदाता जायेंगे नहीं, और जहां वो रहते हैं वहां उनका नाम जब वोटर लिस्ट में नहीं होगा तो वो वोट डाल पायेंगे नहीं। नतीजा ये होगा कि मतदान का प्रतिशत डाउन आयेगा और इसके साथ साथ एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो परम्परागत रूप से भाजपा का वोटर माना जाता है लेकिन जब उसका नाम ही वोटर लिस्ट से गायब हो जायेगा तो वो वोट नहीं डाल पायेगा। अब एक्सटेंशन के बाद कितनी टेंशन कम होगी ये आंकड़ा बतायेगा।

संसद हमले की 24वीं बरसी: पीएम मोदी-राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। शनिवार को संसद हमले की 24वीं बरसी पर देश अपने वीर सपूतों को याद किया गयौ, जिन्होंने बिना अपनी जान की परवाह करते हुए आतंकियों के मंसूबे को नाकाम किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य सांसदों और इस हमले में शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दीं और उनके बलिदान को याद किया।

संसद हमले में कई सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे और देशभर में इस घटना को देश की सुरक्षा और शौर्य की याद के रूप में याद किया जाता है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित समारोह में सभी नेताओं ने फूल चढ़ाकर और श्रद्धांजलि देकर शहीद सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित किया। इस अवसर पर संसद परिसर में गणमान्य व्यक्तियों और सुरक्षा अधिकारियों की भी उपस्थिति रही और देशभर में शहीदों को याद कर उनके बलिदान को सलाम किया गया।

2001 के संसद हमले की बरसी पर शहीद सुरक्षा कर्मी के परिवार ने देशभक्ति की भावनाएं व्यक्त की हैं। शहीद के परिवार का कहना है कि हमें फोन आया कि संसद में आतंकवादी हमला हुआ है और उन्हें गोली लगी है, लेकिन उनकी सटीक स्थिति नहीं पता थी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि उन्होंने देश की संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है। जब आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था, हमारे बहादुर सुरक्षा कर्मियों ने इस लोकतंत्र के मंदिर को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी सांसद हर साल उन्हें संसद परिसर में याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम उन्हें कभी नहीं भूल सकते। आज हम उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी संसद की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों को याद किया। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान लोकतंत्र के मंदिर की रक्षा में जो वीर शहीद हुए, उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने 88 बटालियन की कांस्टेबल कमलेश कुमारी को भी श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ ने कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सामना करते हुए अद्वितीय साहस दिखाया और अपने साथियों को आतंकवादियों की गतिविधियों की जानकारी देते रहे। उनके शौर्य और बहादुरी के लिए उन्हें मृत्यु के बाद अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। सीआरपीएफ ने उन्हें 'सदाबहार श्रद्धांजलि' दी।

पीएम मोदी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए भयानक हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करता है। इस संकटपूर्ण समय में उनके साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए आभारी रहेगा।

योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि

इससे पहले दिन की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन सुरक्षा जवानों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने संसद पर हमले में अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान हमेशा देश की स्मृतियों में जीवित रहेगा। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद भवन ने 13 दिसंबर 2001 को एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का सामना किया। यह हमला राष्ट्र की संप्रभुता, गरिमा और जनप्रतिनिधियों की शक्ति पर किया गया था। जिन्होंने इस हमले में अपनी जान देकर संसद और देश की रक्षा की, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र हमेशा उनके बलिदान को याद रखेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2001 संसद हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले साहसी नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश हमेशा उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि आज के दिन हम भारत की आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने की प्रतिबद्धता को दोबारा दृढ़ करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश उन साहसी नायकों को सलाम करता है जिन्होंने 2001 में संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। उनका साहस और कर्तव्यनिष्ठा हमारी राष्ट्रीय भावना को आज भी मार्गदर्शित करती है। देश हमेशा उनके और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।

'संघर्ष में गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं, जारी है ऑपरेशन सिंदूर..', सीडीएस अनिल चौहान बोले

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध में कोई उपविजेता नहीं होता। गलतियों की कोई गुंजाइश न के बराबर होती है और लापरवाही की कीमत बहुत भारी होती है। उन्होंने कहा कि आप ऐसे समय में आईएएफ में शामिल हो रहे हैं, जब एक नया सामान्य (न्यू नॉर्मल) स्वरूप मजबूती से स्थापित हो चुका है। यह एक ऐसा युग है, जो उच्च स्तर की परिचालन तत्परता से परिभाषित है।

सीडीएस ने आगे कहा, भले ही अभियान की तीव्रता कम हो सकती है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर जारी है। हमारी ताकत, सतर्कता, चुस्त और हर समय तैयार रहने की क्षमता में निहित होगी। विजय को आदत बनाना इस नए सामान्य का हिस्सा होना चाहिए। युद्ध केवल भाषणों से नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

हैदराबाद के दुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं के फ्लाइट कैडेट्स के कमीशन से पहले प्रशिक्षण के सफल समापन के अवसर पर संयुक्त दीक्षांत परेड का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सीडीएस जनरल चौहान समीक्षा अधिकारी हैं।

जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भारतीय रक्षा बल बदलते माहौल के अनुकूल बनने और सुधार अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे हमेशा तैयार और प्रासंगिक बने रहें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की ताकत मजबूत संस्थाओं, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों के अडिग पेशेवर रुख पर आधारित है।

जनरल चौहान ने कहा कि नए प्रशिक्षित अधिकारी ऐसे समय में भारतीय वायु सेना में प्रवेश कर रहे हैं, जबकि भारतीय सशस्त्र बल बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत संरचना, संयुक्त अभियान और रक्षा में आत्मनिर्भरता और रक्षा में आत्मनिर्भरता भारत की सैन्य ताकत का भविष्य तय कर रही है।

इंडिगो संकट के बीच एअर इंडिया की तैयारी, 2026 में सफर के दौरान यात्रियों को दिखेंगे ये बदलाव

नई दिल्ली। देश भर में इंडिगो संकट के बीच एअर इंडिया एयरलाइन ने अपने बेड़े, सेवाओं और संचालन व्यवस्था में बड़े स्तर पर बदलाव कर रही है। कंपनी का कहना है कि 2026 में यात्रियों को इन सुधारों का साफ असर दिखाई देगा। क्योंकि पिछले कई वर्षों से एअर इंडिया लगातार पायलट और स्टाफ ट्रेनिंग, नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और विमान बेड़े के आधुनिकीकरण पर काम कर रही थी। अब ये तैयारियां जमीन पर उतरने जा रही हैं। आने वाले समय में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, सुधरी हुई सेवाएं और एक बदला हुआ एअर इंडिया अनुभव देखने को मिलेगा।

एअर इंडिया अपने क्रू और ग्राउंड स्टाफ की ट्रेनिंग व्यवस्था को और मजबूत बना रही है। इसके लिए कंपनी ने अपनी ट्रेनिंग अकादमी को नए सिरे से तैयार किया है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में एविएशन प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षण दिया जा सके। दरअसल, कंपनी का उद्देश्य है कि कर्मचारियों की स्किल और प्रोफेशनलिज्म को बेहतर बनाया जाए, ताकि आने वाले समय में यात्रियों को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और बेहतर सेवा का अनुभव मिल सके।

इसके अलावा एअर इंडिया अपने पुराने बोइंग

787-8 विमानों के रिफिटिंग प्रोग्राम को तेजी से आगे बढ़ा रही है। इन विमानों में नई और आरामदायक सीटें, बेहतर केबिन इंटीरियर, वाई-फाई सुविधा और आधुनिक इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम जोड़े जा रहे हैं। फिलहाल हर महीने दो से तीन विमानों को अपग्रेड किया जा रहा है। कंपनी का अनुमान है कि 2026 के अंत तक उसके अधिकांश वाइड-बॉडी विमान नए लुक और सुविधाओं के साथ उड़ान भरने लगेंगे। वहीं, 2026 में एअर इंडिया के बेड़े में छह नए वाइड-बॉडी और करीब 20 नए नैरो-बॉडी विमान भी शामिल होने वाले हैं। आने वाले समय में बड़ी ऑर्डर बुक की डिलीवरी शुरू होने से 2027झ्र 28 के दौरान एअर इंडिया की उड़ान क्षमता और नए रूट्स के विस्तार में और तेजी आने की उम्मीद है। यात्रियों को इन अपग्रेडेड विमानों में सफर करते ही कई बड़े बदलाव साफ तौर पर महसूस होंगे। नई और ज्यादा आरामदायक सीटें, बड़े इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट स्क्रीन, वाई-फाई कनेक्टिविटी और बेहतर लाइटिंग से यात्रा का अनुभव पहले से कहीं ज्यादा आधुनिक होगा। इसके साथ ही फूड और बेवरेज सर्विस को भी नया रूप दिया जा रहा है, जिसमें मेन्यू में सुधार और वाइन सर्विस को अपग्रेड किया जा रहा है।

एअर इंडिया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास को भी ज्यादा रूट्स पर उपलब्ध कराने की तैयारी में है। इससे उन यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेगा, जो इकोनॉमी से थोड़ा ज्यादा आराम चाहते हैं, लेकिन बिजनेस क्लास में सफर नहीं करना चाहते। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एअर इंडिया के लाउंज नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है। बड़ी फ्लीट के संचालन के लिए एअर इंडिया टैलेंट और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी निवेश बढ़ा रही है। पायलट और इंजीनियर ट्रेनिंग सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अमरावती में नया फ्लाइंग स्कूल हर साल करीब 180 पायलट तैयार करेगा, जबकि बेंगलुरु में एक बड़ा एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर 2026 के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी का लक्ष्य है कि 2026 तक अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर लगभग 80 प्रतिशत और घरेलू रूट्स पर लगभग सभी उड़ानों में यात्रियों को अपग्रेडेड अनुभव मिल सके।

मेसी के दौरे पर स्टेडियम में तोड़फोड़, पुलिस ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक को किया गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में नाराज फैंस ने जमकर तोड़फोड़ मचा दी। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस की नाराजगी इस कदर हावी थी, उन्होंने पूरे स्टेडियम को तहस-नहस कर लिया। इस बीच कोलकाला पुलिस ने पहली कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रसिद्ध फुटबॉलर मेसी के इवेंट में हुई अफरा-तफरी को लेकर कानून व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने कहा, अब स्थिति सामान्य है। दूसरा चरण जांच का है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुख्य आयोजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोजक वादा कर रहे हैं कि वे (टिकट शुल्क प्रशंसकों को) वापस कर देंगे। देखते हैं यह कैसे संभव होता है।

घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित रही: पुलिस

जावेद शमीम ने आगे कहा कि, शांति तत्काल बहाल करनी होगी। इसका ध्यान रखा गया है। यातायात सामान्य है। सभी लोग अपने-अपने घर लौट चुके हैं। घटना सॉल्ट लेक स्टेडियम तक ही सीमित है। यह एक बड़ी घटना है। हम इस मामले में सक्रिय हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि सॉल्ट लेक स्टेडियम में आज जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसे दंडित किया जाए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ हर तरह की कार्रवाई की जाए।

पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि जिन दर्शकों ने टिकट खरीदे हैं, उन्हें उनकी पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि प्रशंसकों में किसी तरह का गुस्सा या बेचैनी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मेसी खेलने नहीं आ रहे हैं। जबकि कार्यक्रम की योजना यह थी कि वे यहां आएंगे, दर्शकों का अभिवादन करेंगे, कुछ विशिष्ट लोगों से मिलेंगे और फिर चले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घटना के तुरंत बाद एक जांच कमेटी बना दी है जो सभी पहलुओं को देखेगी। डीजीपी ने कहा कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

दूसरी ओर राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने कहा है कि पत्रकारों से कहा कि एफआइआर दर्ज कर ली गई है। हालात अब सामान्य है। सब सुरक्षित वापस चले गए हैं। हम स्थिति पर नजर रखे हैं। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनी प्रक्रिया जारी है। प्रशंसकों को जो गुस्सा है कि उनके साथ धोखा हुआ है, इसमें क्या हुआ, कैसे हुआ यह सब गहन जांच के बाद पता चलेगा। जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक्शन जरूर लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन प्रशंसकों के साथ धोखा हुआ है, उन्हें मुआवजा मिले और इन सभी बातों पर ध्यान दिया जाएगा।

केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा विधायकों को दिल्ली बुलाया राष्ट्रपति शासन खत्म करने पर चर्चा की संभावना

मणिपुर। मणिपुर में लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन हटाने की संभावना को देखते हुए भाजपा ने राज्य के सभी विधायकों को 14 दिसंबर को नई दिल्ली में बैठक के लिए तलब किया है। यह कदम राज्य की राजनीतिक दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए हैं। हालांकि बैठक का औपचारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि नई सरकार के गठन पर चर्चा होने की पूरी संभावना है।

कुकी जो समुदाय के विधायकों को भी दिल्ली बुलाया

पूर्व सीएम बीरेन सिंह ने इंफाल में 86वें नुपी लाल दिवस के अवसर पर ये बात कही। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कुकी-जो समुदाय के वे सभी

विधायक, जिनमें सात भाजपा के भी शामिल हैं, को भी इस बैठक के लिए बुलाया गया है। उनके रुख पर सबकी निगाहें टिकी हैं, क्योंकि सभी 10 कुकी-जो विधायक लगातार अलग प्रशासन की मांग पर अड़े हुए हैं और इसी शर्त पर सरकार गठन में समर्थन देने की बात कहते रहे हैं।

सरकार बहाली की मांग कर रहे भाजपा विधायक

हालांकि कई भाजपा विधायक राज्य में तुरंत निर्वाचित सरकार बहाल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कुकी-जो समूह किसी भी व्यवस्था का समर्थन करने से पहले अपनी राजनीतिक मांगों के समाधान पर जोर दे रहा है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ए शारदा भी बैठक में मौजूद रह सकती हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन है, जबकि बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दिया था।

इंडियन एयरफोर्स से रिटायर्ड अधिकारी कर रहा था पाकिस्तान के लिए जासूसी

नई दिल्ली। असम पुलिस ने शुक्रवार रात एक सेवानिवृत्त भारतीय वायुसेना (कअक्र) अधिकारी को पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के लिए काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से निगरानी में था और शुरूआती जांच के बाद उसे हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहलान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है, जो असम के सोनितपुर जिल के तेजपुर स्थित पटिया इलाके का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लगातार निगरानी और प्रारंभिक जांच के बाद उसे हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने क्या दावा किया?

पुलिस का दावा है कि कुलेंद्र शर्मा कथित तौर पर पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी से जुड़े लोगों के संपर्क में था और उन्हें संवेदनशील जानकारियां दे रहा था। उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप से कुछ संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। पुलिस को आशंका है कुछ डेटा डिलीट भी किया गया है।

बीएनएस की कई धाराओं में मामला दर्ज

सोनितपुर के डिप्टी एसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि आरोपी के पाकिस्तान से जुड़े होने का शक मजबूत है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही इसकी पुष्टि की जा सकेगी। पुलिस ने कुलेंद्र शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल, पुलिस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से मिले डेटा की जांच कर रही है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

कुलेंद्र शर्मा भारतीय वायुसेना में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात था। वह तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन में पोस्टेड था, जहां सुखोई-30 लड़ाकू विमानों का स्क्वाड्रन मौजूद है। वह वर्ष 2002 में सेवानिवृत्त हुआ था। सेवानिवृत्ति के बाद कुलेंद्र ने कुछ समय के लिए तेजपुर यूनिवर्सिटी में भी काम किया था।

जबरन वसूली के खिलाफ भड़का गुस्सा

इंफाल घाटी में पेट्रोल पंप बंद रखकर जताया विरोध

मणिपुर। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में कई साल तक चली जातीय हिंसा के बाद शांति का माहौल है। लोगों का जीवन पटरी पर लौट रहा है। इस बीच इंफाल घाटी में शनिवार (12 दिसंबर) को जबरन वसूली की मांगों के विरोध में पंट्रोल पंप मालिकों का गुस्सा फूट पड़ा और पूरे इलाके में पेट्रोल पंप बंद कर दिए गए।

पेट्रोल पंप पर रखा गया था हैंड ग्रेनेड

पेट्रोल पंप का यह बंद इंफाल पश्चिम जिले के कोइरेंगी में एक पेट्रोल पंप के पास हैंड ग्रेनेड मिलने के कुछ दिनों बाद हुआ है। एक पेट्रोल पंप मालिक ने बताया कि जबरन वसूली की मांगें पूरी न करने पर धमकी के तौर पर वहां हैंड ग्रेनेड रखा गया था। उन्होंने कहा, पेट्रोल पंप सार्वजनिक सेवा वाले उद्यम हैं और उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। जबरन वसूली से पेट्रोल पंप मालिक दिवालिया हो सकते हैं

और सार्वजनिक सेवा प्रभावित हो सकती है।

राष्ट्रपति शासन खत्म करने पर चर्चा की संभावना

मणिपुर में लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन हटाने की संभावना को देखते हुए भाजपा ने राज्य के सभी विधायकों को 14 दिसंबर को नई दिल्ली में बैठक के लिए तलब किया है। यह कदम राज्य की राजनीतिक दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए हैं। हालांकि बैठक का औपचारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि नई सरकार के गठन पर चर्चा होने की पूरी संभावना है।

कंबोडिया-थाईलैंड संघर्ष : भारत ने की हिंदू मंदिर की सुरक्षा की अपील, विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

नई दिल्ली। कंबोडिया और थाइलैंड के बीच जारी सीमा संघर्ष के बीच प्रीह विहार हिंदू मंदिर को नुकसान पहुंचने की खबरों पर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी दोनों पक्षों से संयम बरतने, हिंसा रोकने और हालात को और खराब न होने देने की अपील की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस क्षति को दुखद व चिंताजनक बताते हुए कहा यह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल मानवता की साझी सांस्कृतिक विरासत है और भारत इसकी संरक्षा में लंबे समय से सहयोग देता आया है। उन्होंने कहा, सरकार को मंदिर की सुरक्षा हर हाल में करनी चाहिए।

ट्रंप बोले-हमले रोकने पर सहमत दोनों देश

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि थाईलैंड-कंबोडिया ने गोलीबारी रोकने पर

सहमति जताई है। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से बातचीत की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, दोनों देश शांति और अमेरिका के साथ व्यापार जारी रखने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि हाल के दिनों में थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर गोलाबारी और रॉकेट हमलों ने तनाव बढ़ा दिया था। दोनों देश एक-दूसरे पर हमलों के आरोप लगा रहे थे। शांति बहाली को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई जा रही थी। ट्रंप के बयान के बाद अब यह देखना होगा कि दोनों देश घोषणा के अनुरूप जमीनी स्तर पर संघर्षविराम लागू करते हैं या नहीं।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 14 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

क्या इस बार भी भाजपा के बागियों के लिए इलेक्शन का बैकअप प्लान रहेगा नीला हाथी

लोकसभा से लेकर विधानसभा और निगम चुनाव में रही है यही कहानी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। तैयारी का बिगुल तब नहीं बजता है जब चुनाव की तिथि घोषित होती है। तब चुनाव की रणभेरी बजती है और बिगुल तो उस दिन बज जाता है जिस दिन से मतदाता सूचि पर काम शुरू होता है। चुनाव के खिलाड़ी उंगलियों पर गिना देते हैं कि किस ईलाके में उनकी कितनी वोट हैं। लोकसभा वाले जातिय समीकरण पर चलते हैं। विधानसभा वाले क्षेत्र का समीकरण लाते हैं और निगम के वार्ड वाले अपनी पकड़ के वोट बता देते हैं। भाजपा 2027 के चुनावी रण के लिए ही अपने संगठन को तैयार कर रही है। उसने मंडल अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों की घोषणा के वक्त ही ये स्पष्ट कर दिया था कि वो 2027 के चुनावी रण के लिए कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर रही है। समाजवादी पार्टी भी इसी दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस का प्लान भी यही हो सकता है लेकिन यहां पर सबसे अजीब स्थिति नीला दल कहे जाने वाले बसपा के हाथी की चल रही है। जब ज्वाईनिंग का मेला लगना है तब हाथी अपने महावतों को बाहर निकाल रहा है। कभी कोई बाहर निकल जाता है तो कभी कोई बाहर हो जाता है। सियासत में ये कहावत कही जाने लगी है कि बसपा का जिलाध्यक्ष आज रात कोई और है और कल सुबह कोई और हो जाता है। कैडर कैम्प का अता पता नहीं है और जब उसके महावतों को यही यकीन नहीं है कि वो कल बसपा में रहेंगे या नहीं तोफिर वो उतना जोर भी नहीं लगाते हैं। राजनीति के इस पूरे सीन में अब ये चर्चा है कि बसपा का हाथी केवल पॉलिटिकल, चुनावी टूरिस्ट हब बनकर रह गया है। चुनाव लड़ने वाले सैलानी यहां आते हैं और चुनाव के दौरान हाथी की सवारी करते हैं और फिर चुपचाप उतर कर चले जाते हैं। कभी साहिबाबाद से लेकर लोनी , मुरादनगर, शहर, धौलाना में नीले रंग का जलवा था। पंचायत चुनाव में पांच सदस्य बसपा के जीते थे। मगर अब धीरे धीरे बसपा का नीला हाथी केवल भाजपा के बागियों के लिए चुनावी टूरिस्ट पैलेस बन गया है। लोकसभा चुनाव में नंदकिशोर पुण्डीर भाजपा से बगावत कर बसपा में आये। उन्हें शिकायत थी कि बरसों की सेवा के बाद भाजपा में टिकट नहीं मिला। बसपा में रात को आये और सुबह उन्हें बसपा ने लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया। नंदकिशोर पुण्डीर गाजियाबाद से लोकसभा का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़े औरचुनाव हारने के बाद वो हाथी से उतरे और बैक टू भाजपा हो गये। शहर विधानसभा चुनाव में जब के के शुक्ला को टिकट नहीं मिला तो वो भाजपा से बगावत कर बसपा में आ गये। बसपा ने भी उन्हें तत्काल प्रभाव से टिकट दिया। शुक्ला चुनाव लड़े और चुनाव के बाद फिर से भाजपाई हो गये। हाथी खड़ा देखता ही रह गया। वार्ड चुनाव की बात करें तो मकनपुर से राधेश्याम तिवारी बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े और भाजपा को हराकर चुनाव जीते और फिर भाजपाई हो गये। वार्ड 9 में विनीत त्यागी की पत्नी रूची त्यागी बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ीं और जबरदस्त टक्कर दी। चुनाव हारने के बाद इन्होंने भी हाथी को छोड़ा और वार्ड में भाजपाई हो गये। नाराज होकर बसपाई बनना और फिर भाजपा में वापस लौट जाना ऐसी अनेक कहानियां हैं। अब जब फिर से विधानसभा का चुनाव एक वर्ष दूर रह गया है तो सूत्र बताते हैं कि भाजपा के कई नीले हाथी को चुनाव के बैकअप प्लान के रूप में लेकर चल रहे हैं। भाजपा से जुड़े सूत्र ही बता रहे हैं कि कई चेहरे अपनी अपनी चुनावी दावेदारी में हैं। और वो साथ ही इस तैयारी में भी हैं कि अगर भाजपा से टिकट नहीं मिला तो वो बैकअप प्लान के रूप में हाथी को साध लेंगे।

साइकिल और हाथ के लिए नहीं दिख रहा है संभावित बागियों का रुझान

करंट क्राइम। चुनाव 2027 में होना है। और ये भी तय है कि गलि मौहल्ले से लेकर विधानसभा में बगावत वाला घमासान होनाहै। कुछ चेहरे ऐसे हैं जो लोहिया के इस वाक्य पर अमल कर रहे हैं कि जिन्दा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं। उन्हें चुनाव में अपनी ताकत तौलनी है तो तराजु कोई भी चलेगा। ऐसे चेहरे हैं जो हर हाल में चुनाव लड़ेंगे ही लड़ेंगे। इस पूरे सियासी खेल में अगर कोई दल फेल दिखाई दे रहा है तो वो कांग्रेस है। कांग्रेस के टिकट पर वार्ड वाले दावेदार भी फिलहाल बागी होकर लड़ने को तैयार नहीं हैं। विधानसभा में भी बगावत का ऑपशन बसपा तो है लेकिन कांग्रेस नहीं है। सपा को लेकर भी उतनी हवा नहीं है। लेकिन सपा के साथ सीन फेलीयर वाला नहीं है। यहां पर संभावित बागी ये मानकर चल रहे हैं कि साईकिल वाले इतनी आसानी से हैंड टू हैंड टिकट देने को तैयार नहीं होंगे। हाथी में सुविधा सूटकेस वाली राहों को आसान करती है। कभी दिल्ली की सत्ता पर काबिज रही आम आदमी पार्टी यहां डिमांड से ही बाहर है। उसका मैजिक यहां खत्म हो चुका है। रालोद एक विकल्प है लेकिन वो फूल वालों के बागियों को कितनी सपोर्ट देंगे ये भी देखने की बात है। अगर वो विधानसभा में सहयोग वाली भूमिका में रहेंगे तो उम्मीदवार की कोई उम्मीद ही नहीं है। रही बात वार्ड के चुनाव की तो यहां क्या सीन होगा अभी ये स्पष्ट नहीं है।

महिला अपराध पर पुलिस अधिकारी सख्त, एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने दिए कड़े निर्देश

पिंक बूथ- महिला हेल्प डेस्क पर लापरवाही नहीं मिशन शक्ति टीमों को अपराध रोकने का अल्टीमेटम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद में महिला अपराधों को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) केशव कुमार चौधरी ने महिला सुरक्षा में किसी भी स्तर की ढिलाई पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि पिंक बूथ और महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली हर शिकायत की तत्काल सुनवाई और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए, वरना जिम्मेदार अफसर सीधे कटघरे में होंगे। महिला सुरक्षा एवं महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा को लेकर आयोजित अहम गोष्ठी में एडिशनल सीपी ने थाना मोदीनगर, खोड़ा, निवाड़ी, कौशाम्बी, टीलामोड़ और शालीमार गार्डन के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ दो टूक बातचीत की। उन्होंने साफ कहा कि महिला सुरक्षा केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर असर दिखना चाहिए।

होगी एक-एक रजिस्टर की जांच

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने मिशन शक्ति केंद्रों के रजिस्टर, अभिलेख और दस्तावेजों की गहन जांच की और खामियां मिलने पर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ और महिला हेल्प डेस्क किसी शोपीस की तरह नहीं, बल्कि पीड़ित महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनें। जनसुनवाई में संवेदनशीलता, त्वरित एफआईआर और समयबद्ध कार्रवाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में मिशन शक्ति टीमों को महिला अपराध रोकने का सीधा टास्क सौंपते हुए निर्देश दिया गया कि स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार जागरूकता अभियान और निगरानी बढ़ाई जाए। छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न के मामलों में जरा सी भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडिशनल सीपी ने कड़े लहजे में कहा कि हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी, नहीं तो कार्रवाई न करने वालों पर कार्रवाई तय है। महिला सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। गोष्ठी में एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल भी मौजूद रहीं। पुलिस के इस सख्त रुख से साफ संकेत है कि गाजियाबाद में महिला अपराधियों पर अब कानून का शिकंजा और कसने वाला है।

हजारों बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी करने वाले फर्जी प्लेसमेंट नेटवर्क का पर्दाफाश, 24 घंटे में दो शातिर गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने फर्जी प्लेसमेंट एजेंसियों के नाम पर बेरोजगार युवक-युवतियों से संगठित तरीके से ठगी करने वाले बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 24 घंटे के भीतर दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई सिटी जोन के अंतर्गत थाना सिहानी गेट पुलिस द्वारा की गई, जिसे हाल के समय की सबसे तेज और प्रभावी कार्रवाई माना जा रहा है।

मामला तब सामने आया जब मालीवाड़ा निवासी आशीष ठाकुर सहित कई पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की कि र हेल्थ केयर मैनेजमेंट मार्केटिंग प्रा. लि. और यूनिक मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लि के नाम पर फर्जी प्लेसमेंट कंपनी चलाई जा रही है। आरोप है कि आरोपी युवाओं को मेट्रो स्टेशन, एयरपोर्ट और नामी निजी कंपनियों में नौकरी व ट्रेनिंग दिलाने का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन व अन्य शुल्क के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लेते थे। नौकरी न मिलने पर जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी मोबाइल नंबर बंद कर देते और अपना ठिकाना बदल लेते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने अब तक एक हजार से अधिक बेरोजगारों को जाल में फंसाकर करीब 30 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की है।

शिकायत के आधार पर थाना सिहानी गेट में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रितेश शर्मा फरीदाबाद हरियाणा, मूल निवासी सिवान, बिहार और अमन जैन रोड, द्वारका मोड़, नई दिल्ली मूल निवासी मोतिहारी, बिहार बताया जा रहा है।

वहीं कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम प्रियाश्री पाल ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने ठगी के नेटवर्क को संचालित करने की बात कबूल की है। अन्य सहयोगियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है और ठगी की रकम की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर किसी भी एजेंसी को पैसे देने से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच करें। पुलिस का कहना है कि इस तरह के फर्जी नेटवर्क के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

कमिश्नरेट में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई

साल 2025 में 156 पर गुंडा एक्ट लगाया

- 93 पर थाने में हाजिरी लगाने के निर्देश

- पांच कुख्यातों को किया जिला बदर

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने वर्ष 2025 में अब तक अपराधियों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। वर्ष 2025 में कुल 156 आरोपियों को गुंडा एक्ट के तहत छह महीने के लिए जिला बदर किया जा चुका है, जबकि 93 अभियुक्तों को स्थानीय थानों में नियमित हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि जिले में सुरक्षा बनाए रखने और आम जनता को अपराध से मुक्त करने के लिए अलग-अलग मामलों में ऐसे अपराधियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन अभियुक्तों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि कोई भी अपराधी दोबारा दहशत फैलाने का प्रयास न कर सके।

विशेष कार्रवाई में पांच कुख्यातों पर कदम

करंट क्राइम : रिपोर्ट के अनुसार, झपटमारी, चोरी, मारपीट, अवैध हथियार रखने, हत्या के प्रयास और आपराधिक धमकी देने जैसे गंभीर मामलों में लिप्त 5 कुख्यात अपराधियों को जिला बदर किया गया। इन अपराधियों के खिलाफ लंबे समय से मुकदमे दर्ज थे और उनका प्रभाव इतना था कि आम लोग उनके खिलाफ साक्ष्य देने का साहस नहीं कर पाते थे। पुलिस का कहना है कि इन अपराधियों के जिला बदर होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा। कमिश्नरेट ने यह भी स्पष्ट किया कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भविष्य में भी ऐसे सभी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पांच अपराधियों को जिला बदर

करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि आरोपी अजीत माथुर पर तीन मुकदमे हैं और वो कृष्णा विहार भौपुरा थाना टीलामोड़ निवासी है। केतन कुमार यादव उर्फ हैप्पी यादव दंगा, मारपीट, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास, 10 मुकदमे, प्रताप विहार, थाना विजयनगर में लिखें हुए हैं। इसके साथ ही रवि उर्फ विश्राम पर मारपीट और गैर इरादतन हत्या, अटौर, थाना नंदग्राम में चार मामले हैं। वहीं रामराज उर्फ राज पर चोरी व झपटमारी, विकास नगर, थाना अंकुर विहार पर तीन मुकदमें हैं। तो वहीं जतिन पर झपटमारी व मारपीट, ग्राम भिक्कनपुर, थाना मुरादनगर मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी और आम जनता का विश्वास मजबूत होगा।

नदियापार की भगवा राजनीति में किस एक्स मंडल अध्यक्ष को लेकर उठा है तूफान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नदियापार का ईलाका राजनीति से लेकर समाजसेवा की संभावनाओं से अपार है। यहां अगर राजनीति का सिस्टम सैट नहीं बैठ रहा हो तो आरडब्ल्यूए वाले सिस्टम में सैट हो जाओ। इन दोनों में अगर कहीं ट्यूनिंग नहीं बैठ रही हो तो व्यापार मंडल का ऑपशन हमेशा खुला है। लेकिन ये सिस्टम उनके लिए है जो राजनीति में फिलहाल हाशिये पर हैं। भगवा राजनीति इस समय अपने तूफानी दौर से गुजर रही है और अगर ऐसे में भाजपा वाले व्यापार मंडल की राजनीति में उलझेंगे तो जाहिर सी बात है कि चर्चाऐं उठेंगी ही। भाजपा की राजनीति इसलिए भी अहम है क्योंकि वो भाजपा नहीं है अब नयी हवा कीनयी भाजपा है। यहां मंडल अध्यक्ष के लिए बड़ी सिफारिश लगती हैं। बूथ अध्यक्ष के घर नेम प्लेट लगाने विधायक और महानगर अध्यक्ष जाते हैं। वैसे भी जो राजनीति के सिस्टम में एक बार फिट हो जाता है तो फिर उसे व्यापार मंडल की इतनी जरूरत नहीं रहती। अगर सियासत के भगवा सिस्टम में फिट होने के बाद भी व्यापार मंडल की राजनीति में रूझान है तो फिर इसे नयी दुकान ही माना जाता है। किस्सा नदियापार के एक मंडल का गूंज रहा है। यहां पर मंडल अध्यक्ष रहे एक नेता जी अब व्यापार मंडल में इंटरस्ट ले रहे हैं। इस इंटरस्ट की मिस्ट्री तो पूर्व मंडल अध्यक्ष को पता होगा, लेकित जब उन्होंने यहां इंटरस्ट दिखाया तो उनकी हिस्ट्री ही बाहर आ गयी। पता चला कि भाजपाई तो ये बाद में हुए हैं। इनकी सोशल लाईफ की शुरूआत व्यापार मंडल से ही हुई है। शुरू में ये इंदिराजी के पुरम वाले व्यापार मंडल में अध्यक्ष भी नहीं थे ये तो वहां महासचिव थे। व्यापार मंडल के महासचिव के रूप में केवल 6 महीने तक ही ये वहां रहे। उसके बाद इन्होंने उस व्यापार मंडल को छोड़कर राष्ट्रीय व्यापार मंडल में छलांग लगा दी। बताते हैं कि पूर्व मंडल अध्यक्ष का मन ज्यादा दिन यहां भी नहीं लगा और फिर वो व्यापारिक व्यापार मंडल में आ गये। यहां सब ठीक चल रहा था और वो इसी पद पर रहते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी बन गये। सूत्र बताते हैं कि जबसे उन्हें मंडल अध्यक्ष वाले पद से पूर्व किया गया तभी से ही वो मंडल की राजनीति में कम और व्यापार मंडल की राजनीति में ज्यादा इंटरेस्ट ले रहे थे। कहानी में मोड़ तब आया जब भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने एक नये व्यापार मंडल का गठन कर लिया। तूफान इसलिए आया कि अगर केवल व्यापार की बात करते और व्यापार मंडल का गठन करते तो कोई बात नहीं थी लेकिन वो तो व्यापार मंडल में देश की सबसे बड़ी विधानसभा ले आये। उन्होंने अखिल भारतीय उद्योग मंच बनाया । जिनकी दुकानें हैं वो उद्योग पर आ गये और इस मंच का पंच ये है कि इसमें उद्योग मंच के बाद साहिबाबाद विधानसभा शब्द विशेष रूप से जोड़ा गया है। दिन भर इस पर चर्चा होती रही और यही बात चलती रही कि अगर वो भाजपा की राजनीति देख रहे हैं तो फिर व्यापार मंडल में उनका इतना रूझान क्यों है। जो चर्चा गूंज रही है वो ये है कि भाजपा की राजनीति के साथ साथ ये उनकी नयी दुकान है। यहां से वो कई मुददों पर मोर्चा खोल सकते हैं। पूरी विधानसभा का जिक्र इसलिए हुआ है कि मंडल वाले भी इस बात को समझ लें कि वो पूरी विधानसभा में अपना असर रखते हैं। ये किस्सा नदियापार में गूंज रहा है और सवाल ये हो रहा है कि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने उद्योग मंच वाला पंच क्यों दिया है।

लापता इंस्पेक्टर: मां ने बहू व बेटे के ससुरालियों पर लगाया आरोप

गाजियाबाद करंट क्राइम। लापता इंस्पेक्टर अनुज कुमार की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। अनुज की मां नित नए आरोप लगा रही हैं। अब उन्होंने आरोप मढ़ा है कि अनुज से शादी के दो साल में ही पति-पत्नी में विवाद उपज गए। अब उनकी बहू ने अपने मायके वालों की मदद से गाजियाबाद का फ्लैट व एक करोड़ से अधिक की बीमा पॉलिसी हड़पने के लिए यह साजिश रची है। यह शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से गाजियाबाद कविनगर की अवंतिका कॉलोनी के इंस्पेक्टर अनुज कुमार यहां पुलिस लाइन में तैनात थे। परिवार के साथ महुआखेड़ा की प्रभात नगर कॉलोनी में किराये पर रहते थे। विभागीय लापरवाही व गैरहाजिर रहने की शिकायत पर उन्हें सीओ के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया। मगर उन्होंने फोन पर ही असंतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद 17 सितंबर की रात अनुज घर से गायब हो गए। 18 सितंबर को उन्हें निलंबित कर दिया गया।

इसके बाद उनकी मां सुशीला ने यहां पुलिस अधिकारियों से शेष, पृष्ठ 6

भगवा मास्टर जी के साथ पहले चला तीन और तेरह वाला सीन

सरकारी कृपा के बाद क्यों बजा दी उन्होंने व्यापार मंडल की बीस वाली बीन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नदियापार की राजनीति में वैसे तो 12 महीने कुछ ना कुछ चलता रहता है। लेकिन यहां शनिवार को भाजपा की सियासत उस समय गरमाई जब 24 घंटे पहले ही सरकारी कृपा से नवाजे गये भगवा मास्टर जी के नाम से प्रसिद्ध दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयोजक और दिव्यांग राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य सुनील शर्मा ने एक व्यापार मंडल के ग्रुप से खुद को एगिजट कर लिया। एक दिन पहले ही सरकारी कृपा मिलने के बाद सलाहकार सदस्य सुनील शर्मा ने ये कहा था कि जो लोग उन्हें तीन और तेरह में नहीं गिन रहे थे, उन्हीं लोगों को बता दूं कि सरकारी कृपा वाली लिस्ट में मेरा नाम 13 वें स्थान पर ही लिखा आया है। राजनीति में आदमी कई बार अपने छिपे हुए विरोधियों के लिए दबे छिपे अंदाज में ही बात कहता है। इस कहानी में मोड ये है कि जब दिव्यांग प्रकोष्ठ वाले मास्टर जी के यहां ढोल बजना था और बधाई वाला सीन होना था तो वो अचानक ही व्यापार मंडल को छोड़ गये।

वो जिस व्यापार मंडल से जुड़े थे उस व्यापार मंडल के ग्रुप से उन्होंने एगिजट कर लिया। ग्रुप छोड़ते और सलाहकार वाले फ्रेम में रहते तो कोई बात नहीं थी लेकिन मास्टर जी ने तो एक ग्रुप छोड़ा और दूसरा ज्वाईन कर लिया। दिव्यांग प्रकोष्ठ के मास्टर जी पहले ओमबीर वाले व्यापार मंडल में संगठन मंत्री थे। लेकिन दो दिन पहले ही भाजपा के संगठन ने उनके नाम पर सहमति की मोहर लगाई और सरकार से दिव्यांग सलाहकार बोर्ड वाली लिस्ट आई । इसमें 13वें नम्बर पर सुनील शर्मा का नाम था।

अनुमान ये था कि व्यापार मंडल वाले उनका स्वागत करेंगे लेकिन इंदिरापुरम ने तो व्यापार मंडल की राजनीति में ही भाजपा के एक पूर्व मंडल अध्यक्ष के बाद भाजपा के ही दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक और दिव्यांग बोर्ड के सलाहकार सदस्य भी उलझ गये। उन्होंने व्यापार मंडल से एगिजट मारा। वो कल तक इसी व्यापार मंडल के संगठन मंत्री थे और फिर सलाहकार बोर्ड के सदस्य बनते ही व्यापार मंडल छोड़ गये। कहानी में रोचक पहलू ये है कि सरकारी कृपा मिलने के बाद मास्टर जी ने कहा कि मेरे पास बड़ी जिम्मेदारी आ गयी है और अब व्यापार मंडल के लिए समय नहीं है। लेकिन 3 और 13 वाले सीन में खुद को आंक रहे मास्टर जी ने व्यापार मंडल में कमी निकाली और कह दिया कि उसमें तो शुरू में भी 20 लोग थे और आज भी 20 लोग हैं। 20 का आंकड़ा जो व्यापार मंडल पार नहीं कर पाया अब उसमें रहना ठीक नहीं है। इस कहानी में रोचक पहलू ये है कि ओमबीर वाले व्यापार मंडल में दिव्यांग वाले मास्टर जी ने इसलिए कमी निकाली कि उसमें केवल 20 लोग हैं और पंच ये है कि वो यहां से एगिजट मारकर मंच वाले व्यापार मंडल में शामिल हो गये। वहीं दूसरी तरफ सीन ये है कि ओमबीर वाले व्यापार मंडल ने ये लैटर जारी किया कि हमने खुद ही दिव्यांग प्रकोष्ठ वाले मास्टर जी को व्यापार मंडल से निष्कासित कर दिया है। वहीं इस पूरे मामले में भी दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक और राज्य सलाहकार सदस्य सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मुझे सरकार ने प्रदेश में बड़ा दायित्व दिया है इसलिए मैं इतने बड़े व्यापार मंडल को समय नहीं दे पाउंगा। फिर उनहोंने बीस वाली बात भी कही और कहा कि जब मैं व्यापार मंडल में आया था तब भी बीस लोग थे और आज भी बीस लोग हैं।

संपादकीय

फेड की मामूली दर कटौती

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमिटी (एफओएमसी) ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दर 25 आधार अंक घटाकर 3.5 से 3.75 फीसदी के दायरे में कर दी। इस तरह, नीतिगत ब्याज दर घटाने के मौजूदा चरण में कुल 175 आधार अंक की कटौती हो चुकी है। चूंकि, दर घटाने को लेकर वित्तीय बाजारों में कुछ संदेह था, इसलिए कटौती से शेयरों की कीमतें उछल गईं। मगर बाजार का संदेह निराधार नहीं कहा जा सकता। समिति के दो सदस्यों ने कटौती के निर्णय के खिलाफ मतदान किया जबकि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में नियुक्त स्टीफन मिरान नीतिगत दर 50 आधार अंक तक घटाने के पक्ष में थे। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि फेडरल रिजर्व के आर्थिक अनुमानों से पता चला है कि एफओएमसी के चार अन्य सदस्य भी दर कटौती के पक्ष में नहीं थे। जैसा पहले से ही अंदेशा था, ट्रंप केंद्रीय बैंक के इस निर्णय से नाराज थे और आर्थिक वृद्धि दर तेज करने के लिए ब्याज दर में बड़ी कटौती चाह रहे थे। यह बात स्पष्ट है कि अमेरिका में विभिन्न स्तरों पर नीतिगत मतभेद हैं। वर्ष 2026 में ये मतभेद जिस तरह सामने आएंगे उससे न केवल अमेरिकी बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर अब तटस्थ दायरे में आ चुकी है जिसका आशय है कि यह न तो विस्तारवादी है और न ही संकुचनकारी। पॉवेल का यह कथन बाजार के लिए थोड़ा भ्रमित करने वाला हो सकता है क्योंकि अनुमान बता रहे हैं कि मुद्रास्फीति दर वर्ष 2028 में ही 2 फीसदी तक आ पाएगी। यह एक कारण था जिससे इस सप्ताह एफओएमसी के कई सदस्य नीतिगत दर में कटौती के खिलाफ थे। इस तरह, फेडरल रिजर्व अब संभवत: इंतजार करेगा और इस बात पर नजर रखेगा कि अगले कुछ महीनों में आर्थिक हालात कैसे रहते हैं। पॉवेल का तर्क है कि टैरिफ यानी शुल्कों से मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, उनका मानना है कि मुद्रास्फीति में यह वृद्धि अस्थायी है लेकिन इसके वास्तविक प्रभाव पर सबकी नजरें होंगी। यह बात सच है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चाल फिलहाल सधी लग रही है जिसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में निवेश का भी योगदान दे रहा है मगर इसमें भी कोई दो राय नहीं कि शुल्क बढ़ाने के अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। उदाहरण के लिए चीन लगातार रिकॉर्ड व्यापार आधिक्य की स्थिति में बना हुआ है और संभवत: उसने शुल्क संबंधी व्यवधान से निपटने का एक तरीका खोज लिया है। जो भी हो मगर यह जरूरी नहीं कि 2026 में फेडरल रिजर्व के कदम इन आंकड़ों पर निर्भर हों। पॉवेल का कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है और काफी कुछ अगले अध्यक्ष पर निर्भर करेगा। यह सार्वजनिक हो चुका है कि ट्रंप हमेशा मानते रहे हैं कि ब्याज दर में बड़ी कमी की आवश्यकता है और इस बात की पूरी संभावना है कि वह ऐसी ही सोच रखने वाले व्यक्ति को नियुक्त करेंगे।

किसानों के लिए खुशखबरी: 476 करोड़ की योजना को मंजूरी

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड ने तय किया विकास का रोडमैप

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मखाना के विकास के लिए एक नई योजना को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए लागू इस योजना पर 476.03 करोड़ रुपये का कुल परिव्यय किया जाएगा। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की के अनुसार, यह योजना मखाना क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार, उन्नत गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन, किसानों की क्षमता निर्माण, कटाई और कटाई-पश्चात प्रक्रियाओं में सुधार, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और विपणन, निर्यात प्रोत्साहन व गुणवत्ता नियंत्रण पर केंद्रित होगी।

मखाना की उत्पादकता और गुणवत्ता सुधार का उद्देश्य : सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से मखाना उत्पादन की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार करना, किसानों की आय बढ़ाना और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मखाना को मजबूत पहचान दिलाना है।

बजट आवंटन को मिली मंजूरी : राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बोर्ड बैठक 12 दिसंबर को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि व किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने की। इस दौरान बोर्ड और केंद्रीय क्षेत्र योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। कृषि मंत्रालय के अनुसार, बैठक में राज्यों और शोध संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई और समग्र क्षेत्रीय विकास से जुड़े

विभिन्न घटकों के लिए बजट आवंटन को मंजूरी दी गई।

पारंपरिक और गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में मखाना की खेती को बढ़ाने पर जोर : बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि वर्तमान और अगले वर्ष के लिए राज्यों की बीज आवश्यकताओं को समेकित किया जाए, ताकि उन्हें बिहार के सबौर स्थित राज्य कृषि विश्वविद्यालय (रअव) और समस्तीपुर स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (उअव) के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सके।

इसके अलावा, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार और एनआरसी मखाना, दरभंगा विभिन्न राज्यों से आने वाले ट्रेनर्स को मखाना वैल्यू चेन की नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों क्षेत्रों में मखाना की खेती को बढ़ावा देना है।

बोर्ड ने खेती और प्रसंस्करण से जुड़ी नई तकनीकों पर अनुसंधान व विकास, ग्रेडिंग, सुखाने, पॉपिंग और पैकेजिंग के लिए बुनियादी ढांचे, आधुनिक खेती पद्धतियों को बढ़ावा, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, बाजार से जुड़ाव और निर्यात के लिए तैयारियों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह बुनियादी बैठक देशभर में मखाना क्षेत्र के समन्वित, वैज्ञानिक और बाजार-उन्मुख विकास का रोडमैप तय करती है।

केंद्रीय बजट में हुआ था मखाना बोर्ड का गठन : बता दें कि केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा को पूरा करते हुए सरकार ने राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन किया था। इसका औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 सितंबर 2025 को बिहार में किया था, जिसे भारत के मखाना क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

गोल्ड ईटीएफ में निवेश तो हो रहा लेकिन रफ्तार धीमी पड़ी

भारतीय निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगाना जारी रखा है

मुंबई। निवेश की यह रफ्तार सितंबर और अक्तूबर के मुकाबले नवंबर में थोड़ी कम हुई है। इसकी एक वजह यह रही कि अमेरिकी डॉलर मजबूत होने से वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में थोड़ी नरमी आई थी। इसके बावजूद, भारतीय निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगाना जारी रखा। भारतीय म्यूचुअल फंड एसोसिएशन (एम्फी) ने गुरुवार को नवंबर महीने में आंकड़ों को जारी किया, जिसमें नवंबर महीने में सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश लगभग आधा हो गया है, जिसमें लगातार दूसरे महीने गिरावट जारी रही, यह गिरावट इस साल सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की तेजी के बाद देखने को मिली है।

गोल्ड ईटीएफ की रफ्तार धीमी : आंकड़ों के अनुसार नवंबर में लगातार सातवें महीने निवेशक गोल्ड ईटीएफ में निवेश किया है, जिसकी वजह से इसमें 3,742 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने 7,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। वहीं चांदी की बढ़ती औद्योगिकी मांग की वजह से इसमें निवेशकों की दिलस्चपी बढ़ी हुई है। आंकड़ों के अनुसार कुल प्रबंधित परिसंपत्तियां बढ़कर 1.11लाख करोड़ रुपये हो गई है, लेकिन अक्तूबर में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया, 30 नवंबर 2025 तक कुल प्रबंधित परिसंपत्तियां 1,10,517.76 करोड़ रुपये थी।

यह ध्यान देने की बात है कि प्रबंधित परिसंपत्तियों में वृद्धि सोने की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को भी दशार्ती है। एम्फी के चीफ एग्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने बताया कि गोल्ड ईटीएफ में निवेश जारी है, लेकिन रफ्तार धीमी है। सितंबर और अक्तूबर के मुकाबले निवेश की रफ्तार थोड़ी कम हुई है।

मेक्सिको में टैरिफ बढ़ने से भारत के ऑटो निर्यात पर पड़ेगा असर

कंपनियों के वॉल्यूम और मार्जिन पर खतरा

मुंबई। मेक्सिको की सीनेट ने राष्ट्रीय उद्योग और उत्पादकों की रक्षा के लिए टैरिफ पैकेज को मंजूरी दी है। यह टैरिफ पैकेज 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। भारत और चीन सहित एशियाई देशों के चुनिंदा उत्पादों पर वर्ष 2026 से 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगेगा। इसके तहत ऑटो, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल, कपड़े, प्लास्टिक, स्टील, मेटल और फुटवियर मुख्य टारगेट हैं, अधिकतर उत्पादों पर टैरिफ 35 प्रतिशत स्लैब के आसपास होंगे, लेकिन पैसेंजर व्हीकल शुल्क 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा।

भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर पर पड़ेगा ज्यादा असर : उद्योग का कहना है, भारत से मेक्सिको होने वाले ऑटोमोबाइल सेक्टर से वाहनों का निर्यात, जो कि 2024-25 में मेक्सिको को लगभग 5.7 अरब डॉलर का सामन निर्यात किया, जिसमें वाहनों का हिस्सा लगभग एक तिहाई था। लेकिन अब मैक्सिको द्वारा लगाए गए टैरिफ की वजह से ऑटोमोबाइल सेक्टर पर विशेष असर पड़ने की संभावना है। हुंइई की क्रेटा, किआ की मैग्राइट और फॉक्सवैग जैसी भारतीय निर्मित कारें मेक्सिको में काफी लोकप्रिय है। भारत मेक्सिको का पांचवां सबसे बड़ा ऑटो आपूर्तिकर्ता है। टैरिफ शुल्क दोगुने होने से भारतीय ऑटो उद्योग को नुकसान होने की संभावना है।

ऑटो उद्योग ने जताई चिंता : भारतीय ऑटो उद्योग ने मेक्सिको द्वारा मुक्त व्यापार समझौता से वंचित देशों पर आयात शुल्क को दोगुना से अधिक बढ़ाने के प्रस्ताव पर सरकार के सामने चिंता जताई है। इस विषय पर सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) और ऑटो कंपोनेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के प्रतिनिधियों ने वाणिज्य और भारती उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों से मुलाकात कर विदेशी बाजार में वाहन और पुर्जों के निर्यात में होने वाले चुनौतियों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।

सैमको सिक्योरिटीज के रिसर्च विशेषज्ञ जाहोल प्रजापति ने बताया, मेक्सिको को भारतीय कार निर्यातकों मुख्य रूप से फॉक्सवैगन, हुंडई, मारुति सुजुकी को इसका सीधा असर पड़ रहा है।

नए लेबर कोड्स से महिलाओं के कार्यबल को मिलेगा बढ़ावा?

नई दिल्ली। नए लेबर कोड्स से देश में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह बात अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन और कानून फर्म शार्दुल अमरचंद द्वारा जारी एक श्वेत पत्र में कही गई है। 'ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंगः हाउ द लेबर कोड्स बूस्ट वीमेंस पार्टिसिपेशन इन इंडियाज वर्कफोर्स' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नए लेबर कोड्स रोजगार को अधिक सुरक्षित, संरक्षित और सुलभ बनाकर महिलाओं के लिए कार्यस्थल के अवसरों का विस्तार कर सकती हैं।

श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी : श्वेत पत्र के अनुसार, भारत का कानूनी ढांचा सामाजिक बदलाव के साथ विकसित हुआ है, जिसका असर महिला श्रम बल भागीदारी दर में स्पष्ट रूप से दिखता है। वर्ष 2017-18 में यह दर 23.3% थी, जो बढ़कर 2023-24 में 41.7% तक पहुंच गई है।

महिलाओं के हित में बने कानून : रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रगति को महिलाओं के हित में बने कानूनों, जैसे मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण) अधिनियम, 2013, के साथ-साथ सरकारी पहलों जैसे मिशन शक्ति, नव्या और वाइज-किरण से भी मजबूती मिली है। रिपोर्ट में तर्क दिया गया कि नए लेबर कोड्स पुराने कानूनों को एक सरल और अधिक सुसंगत संरचना में मिलाकर भारत के रोजगार कानून ढांचे का आधुनिकीकरण करती हैं।

नए लेबर कोड्स का असर सीमित न रहने की संभावना : श्वेत पत्र के अनुसार, नए लेबर कोड्स का एक प्रमुख असर यह हो सकता है कि वे केवल नए अवसर पैदा करने तक सीमित न रहकर, काम को अधिक टिकाऊ और सुरक्षित बनाएं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके।

रोचक तथ्यों का करंट



- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं।

राशिफल

मेष : किसी अपने नजदीकी से कहासुनी हो सकती है। हृदय को ठेस पहुंच सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में उत्साह की कमी रहेगी।

वृष : कम मेहनत से ही कार्यसिद्धि होगी। काफी समय से रुके कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

मिथुन : नए मित्र बनेंगे। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। अच्छी खबर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

कर्क : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

सिंह : व्ययवृद्धि होगी। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूरी नहीं होगी। कार्य की गति धीमी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

कन्या : रुका पैसा मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे।

तुला : आर्थिक नीति का परिवर्तन सुखद रहेगा। कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है अत: लापरवाही न करें। अध्यात्म तथा तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

धनु : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के उकसाने में न आएं।

मकर : पारिवारिक मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नौकरी में प्रमोशन इत्यादि मिल सकता है।

कुंभ : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगास्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स समय का लाभ ले सकते हैं।

मीन : पठन-पाठन व लेखन आदि कामों में मन लगेगा। सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मस्तिष्क में नए-नए विचार आएंगे।

चुटकुले

बीवी घर पर टीवी देख रही थी
पति - क्या देख रही हो?
बीवी - कुकिंग शो
पति - महोदया, दिन भर कुकिंग शो देखती हो, खाना बनाना तो आया नहीं फिर भी
बीवी - तुम भी तो कौन बनेगा करोड़पति देखते हो, मैंने कुछ कहा... पति शांत!

मंटू शराब पीकर गाड़ी चला रहा था,
अचानक गाड़ी एक खंबे से टकरा गई
पुलिस - बाहर निकलो
मंटू - माफ कर दो साहब
पुलिस - दारू पीकर गाड़ी चलाएगा...
मंटू- अरे नहीं साब, पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे।

नौकरी के ऑर्डर में लिखा था कि कंपनी की तरफ से आपको क्वार्टर मिलेगा,
कर्मचारी इतना भोला था कि ज्वॉइनिंग के पहले ही दिन सुबह सोडा लेकर ऑफिस पहुंच गया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

WWE में अपना आखिरी मैच खेलेंगे दिग्गज रेसलर जॉन सीना

लंदन। जॉन सीना 13 दिसंबर, शनिवार को वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के सैटरडे नाइट मेन इवेंट में अपने शानदार हहए करियर का समापन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यहां इवेंट से जुड़ी मैच कार्ड, लाइवस्ट्रीमिंग डिटेल्स और अन्य जानकारी दी गई है।

द लास्ट टाइम इज नाऊ...! फैंस ने 'माय टाइम इज नाऊ' की धुन तो कई बार सुनी होगी, लेकिन वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (हहए) के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक जॉन सीना अपने फैंस को आखिरी बार रिंग में देखने का मौका देने जा रहे हैं। वॉशिंगटन डीसी के कैपिटल वन एरीना में होने वाले सैटरडे नाइट मेन इवेंट में जॉन सीना अपना रिटायरमेंट मैच खेलेंगे। यह मुकाबला उनके 25 साल लंबे ऐतिहासिक डब्ल्यूडब्ल्यू करियर का अंतिम अध्याय होगा। 'माय टाइम इज नाऊ' जॉन सीना का एंट्री सॉन्ग है, जिसमें उन्होंने खुद ही रैप गाया है।

शानदार मैच कार्ड से सजेगा इवेंट

सैटरडे नाइट मेन इवेंट सिर्फ जॉन सीना के मुकाबले तक सीमित नहीं है। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने इस शो के लिए एक दमदार मैच कार्ड तैयार किया है, जिसमें मेन रोस्टर और एनएक्सटी के सितारे भी नजर आएंगे। इससे साफ है कि सीना अपने आखिरी मैच के जरिए डब्ल्यूडब्ल्यूई के भविष्य को भी मंच देना चाहते हैं। वर्ल्ड टैग टीम चैंपियंस एजे स्टाइल्स-ड्रैगन ली 52 जेवोन इवांस-लियोन स्लेटर

गुंथर के खिलाफ होगी अंतिम भिड़ंत

जॉन सीना का आखिरी मुकाबला डब्ल्यूडब्ल्यू के मौजूदा दिग्गज गुंथर के खिलाफ होगा। गुंथर कोई साधारण प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं।

वह डब्ल्यूडब्ल्यूई इतिहास के सबसे लंबे समय तक इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन रह चुके हैं और पूर्व वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन भी हैं। ऐसे में फैंस को एक जबरदस्त और यादगार मुकाबले की उम्मीद है, जिसमें सीना पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे।

जॉन सीना पहले ही साफ कर चुके हैं कि यह उनका आखिरी मैच है और वह भविष्य में वापसी नहीं करेंगे। सीना ने कहा कि उन्हें अच्छा लगता है कि फैंस सोचते हैं कि वह दोबारा लौट सकते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

सीना के मुताबिक, दिसंबर 13 (भारत में 14 दिसंबर) को होने वाला यह मैच उनके करियर का अंतिम मुकाबला है और रेसलमेनिया आने-जाने के बावजूद वह अब एक्टिव रेसलर के तौर पर नजर नहीं आएंगे।

'सीनेशन' के लीडर जॉन सीना हमेशा फैंस के चहेते रहे हैं। इसी वजह से उन्हें पीपल्स चैंपियन भी बुलाया जाने लगा।

डब्ल्यूडब्ल्यू के ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्होंने दुनियाभर में कंपनी को पहचान दिलाई और मेक-ए-विश जैसे अभियानों के जरिए हजारों बच्चों की इच्छाएं पूरी कीं। यही वजह है कि उनका विदाई मैच भावनाओं से भरा होने वाला है और आखिरी में कई फैंस की आंखें नम हो सकती हैं।

भारत में डब्ल्यूडब्ल्यूई के फैंस जॉन सीना का आखिरी मुकाबला रविवार, 14 दिसंबर सुबह साढ़े छह बजे से लाइव देख सकते हैं। टीवी पर इसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन-1 एसडी एंड एचडी, सोनी स्पोर्ट्स टेन-3 हिंदी एसडी एंड एचडी, सोनी स्पोर्ट्स टेन-4 तमिल और सोनी स्पोर्ट्स टेन-4 तेलुगू पर होगा।

लाइव स्ट्रीमिंग की जानकारी

जो दर्शक मोबाइल या लैपटॉप पर मैच देखना चाहते हैं, वे सोनी लिव एप और वेबसाइट पर सैटरडे नाइट मेन इवेंट को लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं।

न्यूजीलैंड की विंडीज पर जीत से भारत को हुआ नुकसान

डब्ल्यूटीसी तालिका में इस स्थान पर खिसका

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच में नौ विकेट से जीत से भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में नुकसान हुआ है। भारतीय टीम पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई है और शीर्ष दो की दौड़ में पिछड़ती जा रही है।

भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीसी के शुरूआती दो चक्र में उपविजेता रही, लेकिन पिछले सत्र में फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। टीम का डब्ल्यूटीसी 2025-27 चक्र में भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है जिस कारण अंक तालिका में वह शीर्ष पांच से भी बाहर हो गई है।

न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट मैच में नौ विकेट से हराया। इस शानदार जीत से तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई। बेसिन रिवर्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद डब्ल्यूटीसी की तालिका में उलटफेर देखने को मिला। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार से भारत को हुआ था नुकसान

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जमीन पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवानी पड़ी थी जिस कारण वह डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में पाकिस्तान से भी नीचे पहुंच गया था। भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया था, लेकिन अब न्यूजीलैंड की जीत से भी टीम को नुकसान उठाना पड़ा और वह छठे स्थान पर पहुंच गया है।

बड़े लक्ष्य का दबाव? उथप्पा ने भारतीय बल्लेबाजी पर उठाए सवाल, भूमिका में स्पष्टता की कमी बताई वजह

नई दिल्ली। उथप्पा का मानना है कि बड़े लक्ष्य के पीछा में भारतीय बल्लेबाजी को स्पष्ट भूमिकाओं की जरूरत है, शुरूआती ओवरों में जरूरत से ज्यादा लचिलापन नुकसानदेह साबित हो रही है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 51 रन से हार का सामना करना पड़ा। 214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। इस हार के बाद टीम इंडिया की बल्लेबाजी रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं, खासकर बड़े लक्ष्य के पीछा करने के दौरान अपनाए गए अप्रोच को लेकर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

उथप्पा ने रणनीति पर उठाए सवाल

पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरूआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि बल्लेबाजों की भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी थी। उनके मुताबिक पारी के शुरूआती ओवरों में जरूरत से ज्यादा लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) रन बनाने को और जटिल बना देता है।

गिल के आउट होने के बाद बदली दिशा: उथप्पा ने खासतौर पर शुभमन गिल के आउट होने के बाद की रणनीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब गिल आउट हुए, तब भारत के पास गहरी बल्लेबाजी लाइन-अप मौजूद थी। ऐसे में अक्षर पटेल को एक पिंच-हिटर की भूमिका निभानी चाहिए थी, ताकि तेजी से रन बनाकर दबाव कम किया जा सके और अभिषेक शर्मा को सहयोग मिल सके।

अक्षर पटेल की पारी से नहीं मिला फायदा: उथप्पा के मुताबिक, अक्षर पटेल की संभली हुई 21 रन की पारी (रन-ए-बॉल) दबाव कम करने में नाकाम रही।

इससे उल्टा यह हुआ कि विकेट गिरते गए और रन रेट का दबाव और बढ़ता चला गया। नतीजतन भारतीय बल्लेबाजी की रफ्तार और धीमी हो गई, जिससे लक्ष्य और मुश्किल होता चला गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की स्पष्टता जरूरी: रॉबिन उथप्पा ने साफ शब्दों में कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्लेबाजों के लिए स्पष्ट भूमिका और स्पष्ट योजना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को पहले से पता होना चाहिए कि उन्हें किस तरह पारी बनानी है और किस परिस्थिति में कौन-सा जोखिम लेना है।

जरूरत से ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी बनी परेशानी: उथप्पा का मानना है कि शुरूआती छह से आठ ओवरों के बाद मैच-अप के हिसाब से फ्लेक्सिबिलिटी ठीक है, लेकिन उससे पहले मजबूत नींव बनाना जरूरी है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा, 'आप बिना नींव के गगनचुंबी इमारत नहीं बना सकते।' उनके मुताबिक, एक ही मैच में खिलाड़ियों से कई भूमिकाओं की उम्मीद करना रन बनाने को और जटिल बना देता है।

2007 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य की राय: 2007 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे उथप्पा ने कहा कि वह पारी की शुरूआत में ओपनर्स के अलावा बाकी बल्लेबाजों के लिए जरूरत से ज्यादा लचीलापन रखने के पक्ष में नहीं हैं। उनके अनुसार, भारत को बड़े लक्ष्य के पीछा में स्पष्ट रोल्स के साथ उतरने की जरूरत है, तभी ऐसी परिस्थितियों में बेहतर नतीजे मिल सकते हैं।

पाकिस्तान की हुई किरकिरी, ICC की टिकट बिक्री पोस्टर पर कप्तान आगा की तस्वीर नहीं, PCB ने जताई नाराजगी

कराची। पीसीबी ने कहा कि भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है।

पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है।

सूत्र ने कहा, 'कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।' उन्होंने बताया कि पीसीबी की एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से बात करने के बाद ही स्थिति में बदलाव आया।

उन्होंने कहा, 'इस बार भी हमें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में हमारे कप्तान की तस्वीर नहीं लगाई है।' उन्होंने कहा कि भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है। उन्होंने कहा कि पीसीबी को पूरा भरोसा है कि आईसीसी प्रचार पोस्टर और अभियानों में पाकिस्तानी कप्तान को जरूर शामिल करेगी।

10 मिनट में जश्न से हंगामे में बदला कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम का माहौल, हालात देख डर जाएंगे

कोलकाता। लियोनल मेसी के भारत दौरे के पहले दिन ही कोलकाता में बवाल हो गया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को लियोनल मेसी के स्वागत का जश्न कुछ ही मिनटों में हंगामे में बदल गया। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर मेसी को देखने के लिए भारी रकम चुकाकर पहुंचे हजारों फैंस उस वक्त गुस्से से भर उठे, जब उन्हें अपने ही हीरो की एक साफ झलक तक नसीब नहीं हुई।

लियोनल मेसी सुबह करीब 11.30 बजे अपने इंटर मियामी के साथी फुटबॉलर लुइस सुआरेज और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल के साथ स्टेडियम पहुंचे। मैदान पर कदम रखते ही मेसी ने दर्शकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उन्हें जर्सी भी भेंट की गई। इस दौरान मेसी ने कुछ फैंस को ऑटोग्राफ भी दिए और हाथ भी मिलाया। हालांकि, वह लगातार वीआईपी, आयोजकों और सुरक्षा कर्मियों के घेरे में रहे, जिससे गैलरी में बैठे आम दर्शकों को उन्हें ठीक से देखने का मौका नहीं मिल पाया। फैंस का कहना है कि वे सुबह से स्टेडियम में मौजूद थे, लेकिन न तो सीधे तौर पर और न ही स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर मेसी को साफ देख पाए।

इंतजार बढ़ता गया और निराशा गुस्से में बदलने लगी। कुछ ही देर में पूरे स्टेडियम में 'वी वांट मेसी' के नारे गूंजने लगे।

अचानक स्टेडियम से ले जाए गए मेसी

स्थिति तब और बिगड़ गई जब मेसी को कुछ ही मिनटों में स्टेडियम से बाहर ले जाया गया। यह तब हुआ, जब कई आमंत्रित गणमान्य लोग भी अभी पहुंचे नहीं थे। फैंस को लगा कि उनके साथ धोखा हुआ है और उनका उत्साह टूटकर आक्रोश में बदल गया। फैंस ने आरोप लगाया कि मेसी स्टेडियम में 10 मिनट तक ही रहे। 10 मिनट में वह स्टेडियम से निकल गए।

निराश और नाराज दर्शकों ने मैदान की ओर बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं। गैलरी में लगे बैनर, होर्डिंग्स और प्लास्टिक की कुर्सियों को नुकसान पहुंचाया गया। कुछ फैंस बैरिकेड तोड़कर मैदान में घुसने की कोशिश करते भी नजर आए। टेंट भी गिरा दिए गए। यहां तक कि गोल पोस्ट को भी नुकसान पहुंचाय गया। इसके बाद फैंस मेसी जिस होटल में ठहरे थे, उसके बाहर जमा हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिसकर्मियों ने हल्का बल प्रयोग किया।

इस बवाल के डरा देने वाले वीडियोज और कई तस्वीरें भी सामने आई हैं। हजारों की संख्या में फैंस मैदान के अंदर घुसते और चीजों को नुकसान पहुंचाते दिखे। वहां पुलिस वाले भी मौजूद थे, लेकिन वह कुछ नहीं कर सके। फैंस उनके सामने कुर्सियां फेंकते रहे और चीजों को नुकसान पहुंचाते रहे।

पुलिस के लिए चुनौती बने हालात: प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस को हालात संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, मेसी को तय समय से पहले बाहर ले जाने और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाने से स्थिति पूरी तरह बेकाबू होने से बच गई। फैंस लगातार आरोप लगाते रहे कि इतनी बड़ी रकम चुकाने के बाद भी यह बेहद निराशाजनक है कि उनके चारों ओर 50 लोग मौजूद थे और उन्हें मेसी की एक झलक भी नहीं मिल पाई... उन्होंने बस दो-तीन बार हाथ हिलाया। सभी फैंस का यही कहना है कि उनसे इस आयोजन के नाम पर हजारों रुपये लिए गए, लेकिन मेसी की झलक नहीं मिल पाई। नेता और बड़े लोग उन्हें घेरकर खड़े रहे, जिससे फैंस उन्हें नहीं देख पाए। पुलिस वालों ने बाद में लाठी चार्ज भी किया। हालांकि, फैंस को जो भी मिला, उसी से तोड़फोड़ करते दिखे।

स्क्वाश विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन, द. अफ्रीका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

चेन्नई। भारतीय स्क्वाश टीम ने विश्व कप खिताब की ओर एक कदम और बढ़ा लिया है। भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।

भारत ने स्क्वाश विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा।

जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरूआत दी। अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी। टूनार्मेंट की सबसे कम उम्र की प्रतिस्पर्धी अनाहत ने हेली वार्ड के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-3, 7-4) की आसान जीत के साथ भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी।

इससे पहले शीर्ष वरीय मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। भारत ने अपने पूल गेम में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को हराया था। विश्व कप में भारत का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2023 में रहा था जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था।

जितेश शर्मा ने छुए हरलीन देओल के पैर, बीच मैदान में लिया विश्व चैंपियन खिलाड़ी का आशीर्वाद

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच के दौरान एक मजेदार वाक्या देखने मिला। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें जितेश शर्मा हरलीन देओल के पैर छूते नजर आ रहे हैं।

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी हरलीन देओल के पैर छुए।

दरअसल, न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी20 मैच खेला गया।

इस मैच से पहले युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के नाम के स्टैंड्स का अनावरण हुआ। इसी दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वनडे विश्व कप जीतने वाली महिला टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जिसमें हरलीन भी शामिल थीं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टी20 से पहले जब टीम अभ्यास कर रही थी तो हरलीन ने मजाकिया लहजे में जितेश से अपने पैर छूने को कहा और जितेश ने बिना किसी देरी के उनके पैर छुए और उनसे कुछ बातचीत की। ऐसा लगा कि हरलीन उन्हें मैच के लिए शुभकामनाएं दे रही थीं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे काफी शेयर कर रहे हैं।

जितेश को सैमसन को मिली तरजीह

जितेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती दो मैचों में विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन पर तरजीह मिल रही है। पहले दोनों मैच में जितेश प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे हैं, जबकि सैमसन को बाहर बैठना पड़ा है। जितेश भले ही दूसरे मैच में बल्ले से ज्यादा कमाल नहीं दिखा सके, लेकिन उन्होंने विकेट के पीछे शानदार भूमिका निभाई। जितेश ने क्विंटन डिकॉक को बेहतरीन तरीके से रन आउट किया जो शतक लगाने से चूक गए।

भारत को मिली हार

क्विंटन डिकॉक के बाद ओटेनिल बार्टमैन की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दूसरे टी20 मैच में 51 रन से हराया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका ने डिकॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला एक बार फिर खामोश रहा। गिल तो खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन वह जल्द ही विकेट गंवा बैठे। भारत के लिए सिर्फ तिलक वर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी की और अर्धशतक लगाया। तिलक आखिरी बल्लेबाज के तौर पर आउट हुए। भारत की ओर से तिलक वर्मा ने 34 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा ने 27, अक्षर पटेल ने 21, हार्दिक पांड्या ने 20 और अभिषेक शर्मा ने 17 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए ओटेनिल बार्टमैन ने चार विकेट झटके, जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और लुथो सिपाम्ला को दो-दो विकेट मिले।

मेसी और सुआरेज के साथ कोलकाता में दिखी यह महिला कौन?

कोलकाता। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी फिलहाल भारत दौरे पर हैं। उनका दौरा कोलकाता से शुरू हुआ जहां उन्होंने शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मेसी अब हैदराबाद में एग्जीबिशन मैच में हिस्सा लेंगे जहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद होंगे। लैप ऑफ ऑनर के बाद वह स्टेडियम से जल्दी निकल गए। इसके बाद सॉल्ट लेक स्टेडियम में मौजूद फैंस ने जमकर हंगामा किया। मेसी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे थे।

नगर निगम जोनल कार्यालय में ही भर रहा नाले का पानी, लोग परेशान

- दफ्तर आने-जाने वाले लोग भी गंदगी और बदबू की समस्या झेलने को मजबूर

साहिबाबाद करंट क्राइम। नगर निगम जहां शहरभर में साफ-सफाई और जलभराव से निपटने के दावे करता है, वहीं उसका खुद का मोहन नगर जोनल कार्यालय लापरवाही का उदाहरण बनता दिखाई दे रहा है। कार्यालय परिसर में पिछले कई दिनों से नाले का पानी भरा हुआ है, जिससे कर्मचारियों और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यालय में कार्यरत लोगों का कहना है नाले की पानी बाहर नहीं निकल रहा है। इसलिए पानी ओवरफ्लो होकर सीधे निगम कार्यालय में ही जमा हो गया। इससे दफ्तर आने-जाने वाले लोग भी गंदगी और बदबू की समस्या झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब निगम अपने ही परिसर को साफ नहीं रख पा रहा, तो शहर में स्वच्छता अभियान कैसे सफल होगा।

दफ्तर परिसर में लगातार रुके पानी के कारण मच्छरों का तेजी से प्रकोप बढ़ रहा है। कर्मचारियों को डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है। कई लोगों ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि दफ्तर में बैठना मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों ने जलनिकासी की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

वहीं जोनल प्रभारी सुनील प्रताप सिंह ने बताया कि बाहर सड़क बनने की वजह से नाली बंद है और बाहर निकासी नहीं हो पा रही है। इसलिए समस्या बनी हुई है। इसके बाद भी सोकर मशीन से नियमित तौर पर रोजाना पानी निकाला जाता है। साफ-सफाई का भी ध्यान दिया जा रहा है।

हापुड़ में ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों पर हुई कड़ी कार्रवाई

हापुड़ करंट क्राइम। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। डीआईजी की ओर से जारी प्रेसनोट में उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में पिछले वर्ष की तुलना में अपराध में कमी आई है। एक जनवरी 2025 से 30 नवंबर तक की अवधि में हापुड़ में गैंगस्टर एक्ट के तहत 23, शस्त्र अधिनियम के 506, एनडीपीएस एक्ट के 32 और आबकारी अधिनियम के 380 मुकदमे दर्ज किए गए। गुंडा एक्ट के अंतर्गत 167 गुंडे और 30 को जिलाबदर किया गया। इनमें 31 अभियुक्तों को धारा 10 गुंडा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। रेंज स्तर पर आपरेशन प्रहार के तहत कुल 673 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, जिनमें हापुड़ के 41 अपराधियों पर विभिन्न स्तरों से इनाम घोषित किया गया। आपरेशन पहचान के जरिए लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों में 2024 की तुलना में 2025 में कमी दर्ज की गई है। संवाद

लापता इंस्पेक्टर: मां ने बहू व बेटे के ससुरालियों पर लगाया आरोप, संपत्ति हड़पने के लिए रची साजिश

गाजियाबाद करंट क्राइम। लापता इंस्पेक्टर अनुज कुमार की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। अनुज की मां नित नए आरोप लगा रही हैं। अब उन्होंने आरोप मढ़ा है कि अनुज से शादी के दो साल में ही पति-पत्नी में विवाद उपज गए। अब उनकी बहू ने अपने मायके वालों की मदद से गाजियाबाद का फ्लैट व एक करोड़ से अधिक की बीमा पॉलिसी हड़पने के लिए यह साजिश रची है। यह शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नए सिरे से जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से गाजियाबाद कविनगर की अवंतिका कॉलोनी के इंस्पेक्टर अनुज कुमार यहां पुलिस लाइन में तैनात थे। परिवार के साथ महुआखेड़ा की प्रभात नगर कॉलोनी में किराये पर रहते थे। विभागीय लापरवाही व गैरहाजिर रहने की शिकायत पर उन्हें सीओ के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया। मगर उन्होंने फोन पर ही असंतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद 17 सितंबर की रात अनुज घर से गायब हो गए। 18 सितंबर को उन्हें निलंबित कर दिया गया।

इसके बाद उनकी मां सुशीला ने यहां पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। बेटे के लापता होने की शिकायत दी। बाद में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के साथ अनुज की सूचना देने पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। साथ में अनुज को बहाल भी कर दिया गया। इधर, अनुज की मां की ओर से लिखित शिकायत एसएसपी को मिली है, जिसमें कहा है कि बहू व बेटे के ससुरालियों ने बेटे को लापता करने की साजिश रची है। इसकी मूल वजह शादी के दो वर्ष में ही संपत्ति पर नजर है। उसे हड़पने के लिए ये सब किया है। एसएसपी नीरज जादौन के अनुसार यह नई शिकायत मां की ओर से मिली है, जिस पर जांच शुरू करा दी गई है।

इधर, डीएनए मिलान के लिए शुक्रवार को भी मां व भाई का इंतजार होता रहा, मगर कोई नहीं आया। बता दें कि लापता अनुज से मिलता जुलता शव दाऊद खां स्टेशन पर मिला है, जिसके मिलान के लिए पुलिस प्रयासरत है।

सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में विंटर कार्निवल अतुल्य भारत का सफल आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में 13 दिसंबर को शानदार व भव्य विंटर कार्निवल अतुल्य भारत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की इस श्रृंखला में सर्वप्रथम विद्यालय की डायरेक्टर विभा रावत, मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी ने अपने करकमलों से दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्या ने सबको सम्बोधित किया।

म्यूजिक रॉक बैंड की मनमोहक प्रस्तुति ने सबको सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम की आगामी श्रृंखला में स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्हे चमकते सितारों ने सभी राज्यों का सुंदर नृत्य व मिलिट्री डांस प्रस्तुत करके सबको आनंदित कर दिया। इसके पश्चात अन्य सभी होनहार छात्रों ने सभी राज्यों के अद्भुत नृत्यों की शानदार प्रस्तुति से सबके मन को प्रफुल्लित कर दिया। सभी छात्रों ने मिलकर ग्रैंड फिनाले डांस प्रस्तुत किया। सभी ने भव्य प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत करके बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अतिथियों ने भी सभी छात्रों की मेहनत, जज्बे व शानदार प्रस्तुति की जमकर तारीफ की व कार्निवल के सभी भिन्न-भिन्न सुंदर स्टॉल्स तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम में छात्रों की 100% सहभागिता व मनमोहक प्रदर्शन ने सबके मन को मोह लिया। सभी अभिभावकों ने इस विंटर कार्निवल की जमकर प्रशंसा की व छात्रों का हौसला बढ़ाया। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कुछ छात्रों ने साइकिल व स्कूटी का बम्पर प्राइज भी जीता।

डायरेक्टर मैडम विभा रावत व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व हेड मिस्ट्रेस उपाली भट्टाचार्या ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी व आगामी वर्षों के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

दूसरे दिन स्थिर बना रहा क्षेत्र में गंगा का जलस्तर

हापुड़ करंट क्राइम। गढ़-ब्रजघाट में गंगा का जलस्तर बृहस्पतिवार को तेजी से बढ़ोतरी के बाद शुक्रवार को स्थिर बना रहा। जलस्तर बढ़ने से रेतीले टापू पर बने अस्थायी घाटों में दूसरे दिन भी जलभराव रहा। शनिवार से जलस्तर में कमी आने की संभावना है।

बृहस्पतिवार को क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में 50 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। इसके कारण ब्रजघाट में गंगा का जलस्तर 197.50 मीटर (समुंद्र तल से) के निशान पर पहुंच गया था। दूसरे दिन शुक्रवार को जलस्तर में इजाफा न होने से स्थानीय लोगों के साथ ही प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। शुक्रवार को क्षेत्र में गंगा का जलस्तर 197.48 मीटर दर्ज किया गया लेकिन जलस्तर बढ़ने से गंगा के बीच में बने रेतीले टापू डूब गए हैं। उन पर बनाए गए अस्थायी घाट भी जलमग्न हैं। अस्थायी घाटों पर अब भी दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है।

जलस्तर में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बन गया। इसके मद्देनजर गंगा सभा आरती समिति के सहयोग से पुलिस और प्रशासन स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार गहरे जल में न जाने को लेकर सावधान करता रहा। एसडीएम श्रीराम सिंह का कहना है कि दूसरे दिन भी बिजनौर बैराज से डिस्चार्ज नहीं किया गया है। इससे शनिवार की दोपहर तक क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में कमी आने की संभावना है।

महामाया देवी मंदिर के दानपात्र तोड़कर नकदी व सामान चोरी

मोदीनगर करंट क्राइम। नगर के गांव सीकरी खुर्द स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक महामाया देवी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोर ने दो दानपात्र तोड़कर नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। आरोपी मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। दानपात्रों में लाखों रुपये की नकदी होने का अनुमान है। गांव सीकरी खुर्द स्थित ऐतिहासिक महामाया देवी मंदिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आस्था का बड़ा केंद्र है। मंदिर का संचालन नगर पालिका परिषद मोदीनगर करती है। नगर पालिका परिषद की ओर से मंदिर की सुरक्षा में गार्ड तैनात है। बताया गया कि बृहस्पतिवार रात मंदिर में दो गार्ड ड्यूटी पर थे। बृहस्पतिवार रात एक चोर मौका देखकर मंदिर के बराबर वाले रास्ते से अंदर दाखिल हुआ और बालाजी दरबार के दानपात्र का ईंट से ताला तोड़कर नकदी व कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोर ने यज्ञशाला के दानपात्र को किसी नुकीली वस्तु से खोलकर नकदी और सामान चोरी कर लिया। आरोपी मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। पुजारी देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह दानपात्र टूटे मिलने पर घटना का पता लगा। मंदिर में चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। युवा नेता राहुल गुर्जर और ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे। उन्होंने मंदिर की सुरक्षा में तैनात गार्डों पर भी कार्रवाई की मांग की। मंदिर के प्रबंधक सुनील कुमार ने थाने में घटना की तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से आरोपी की पहचान की जा रही है।

हैबीटेक पंचतत्व सोसाइटी में गैस लीकेज से लगी आग, दंपती झुलसे; 24वीं मंजिल के फ्लैट में हुआ हादसा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टेकजोन-चार स्थित हैबीटेक पंचतत्व सोसायटी के टावर नंबर ए-6 में शुक्रवार शाम 24वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग सिलेंडर से गैस लीकेज के दौरान पूजा के लिए जलाए गए दीपक से लगी। घटना में फ्लैट में रह रहे बुजुर्ग दंपती मामूली रूप से झुलस गए। जबकि तीन कमरों में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के मुताबिक घटना शाम करीब 7 :30 बजे की है। टॉवर के 24वें तल पर स्थित यह फ्लैट मीनल शर्मा के नाम पर है। जिसमें बुजुर्ग दंपती रहते हैं। आग लगते ही फ्लैट से धुआं उठने लगा और दंपती की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी बाहर निकल आए। तत्काल सोसायटी के सुरक्षा गार्ड बुद्धराम को सूचना दी गई। इसके बाद सुरक्षा गार्ड इंचार्ज विनय अग्निशमन उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे।

ग्रेटर नोएडा में कोहरे का कहर

ग्रेटर नोएडा। घने कोहरे की वजह से शनिवार सुबह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर दादरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो गईं। दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को आगे का रास्ता दिखाई नहीं दिया। जिससे कई वाहन आपस में टकरा गए। पुलिस के अनुसार पहली दुर्घटना चक्रसेनपुर फ्लाईओवर के पास हुई, जहां तीन वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। वहीं दूसरी और अधिक गंभीर दुर्घटना समाधीपुर फ्लाईओवर के पास हुई। जहां लगभग एक दर्जन वाहन कोहरे के कारण आपस में भिड़ गए।

बूथों पर चस्पा हुई 2,62,201 लापता मतदाताओं की सूची

हापुड़ करंट क्राइम। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शुक्रवार को बूथों पर जिन मतदाताओं के फॉर्म (गणना प्रपत्र) विभिन्न कारणों से जाम नहीं हुए हैं, उनकी सूची चस्पा की गई। साथ ही बीएलओ ने राजनीतिक दलों के बीएलए को भी यह लिस्ट सौंपी है। इस लिस्ट में नाम होने पर निर्वाचक बीएलओ से संपर्क कर अपना फार्म भरकर दे सकते हैं। जांच के बाद इनका नाम मतदाता सूची के लिए डिजिटाइज कर दिया जाएगा।

वहीं, विभिन्न कारणों से जिन निर्वाचकों के फार्म जमा नहीं हुए हैं, बृहस्पतिवार को 22.74 प्रतिशत के साथ उनकी संख्या 263025 थी, जो शुक्रवार को घटकर 22.67 प्रतिशत के साथ 26,2201 रह गई है। इस सूची में बदलाव का मतलब है कि पहले यह निर्वाचक बीएलओ को मौके पर नहीं मिले थे, स्थानांतरित और मृतक की श्रेणी में शामिल थे।

बृहस्पतिवार की शाम को चुनाव आयोग ने एसआईआर को लेकर समय सीमा बढ़ा दी है। अब जिले में भी 26 दिसंबर तक निर्वाचक गणना प्रपत्र भरकर दे सकते हैं। इसके बाद 31 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके बाद दावे और आपत्ति का समय रहेगा।

हालांकि, निर्वाचन आयोग के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे तक 1156699 में से 77.33 प्रतिशत 894497 निर्वाचकों ने फार्म भरकर दिए हैं, जिन्हें बीएलओ डिजिटाइज भी कर चुके हैं। इसके अलावा शेष 262201 निर्वाचकों के गणना प्रपत्र विभिन्न कारणों से न मिलने वाली सूची में दर्ज हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को सभी 1187 बीएलओ ने बूथों पर इन निर्वाचकों के नाम सहित सूची को प्रकाशित किया है। जिसके बाद निर्वाचक सूची में अपने नाम देखने पहुंच रहे हैं।

मामले में एडीएम संदीप कुमार का कहना है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में पूरी प्रक्रिया संचालित है। उसी के अनुसार शुक्रवार को बूथों पर सूची चस्पा की गई है।

बड़ा खाना में भी नंबर एक चल रहे हैं नदियापार वाले

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार नदिया पार वाला जोन कई मामलों में टॉप पर देखा जाता रहा है। पर इस बार तो नदियापार वाले साहब, उनके सर्किल और थानों के प्रभारियों ने बड़े खाने के आयोजनो में अपनी चर्चा करवा ली है। बताया जा रहा है कि बड़े खाने के आयोजन मामले में भी अब नदियापार वाले नंबर वन बने हुए हैं। बीते कुछ समय में ही नदिया पार में एक के बाद एक थाने में बड़ा खाना हो रहा है। जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर सक्ष्म अधिकारी पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही वहां बेहतर माहौल के बीच नया संदेश दिया जा रहा है। तो वहीं अन्य थाना प्रभारियों के बीच इस बात का कंप्टीशन भी शुरू हो गया है कि अगला नंबर उनका है, तो उनको पहले वाले से ज्यादा बेहतर व्यवस्था करनी है। आलम यह है कि अब तो कई अधिकारी यह भी कहने लगे हैं कि बड़ा खाना खाते-खाते काफी टाइम हो गया है। अब पार्टी का अंदाज और स्थान भी बदला जाना चाहिए। इन सबके बीच बता दें की नदिया पार में बड़े खाने की शुरूआत सबसे खास प्रभारी के थाने से शुरू हुई थी। फिर मामला नदिया पार के सबसे बड़े और पुराने कहे जाने वाले थाने में हुआ। फिर उसी जोन में नए थाने के रूप में विकसित किए गए थाने में हुआ। तो शुक्रवार की रात जिस तरीके से दिल्ली के बराबर वाले कमिश्नरेट से लगे वाले थाने की बहुमंजिला इमारत में थाने की वर्किंग शुरू करने के बाद बड़े खाने का आयोजन किया गया, उसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के प्रमुख अधिकारियों के फेस ग्लो कर रहे थे। तो वही इस बड़े खाने में गजब का संगम भी देखने को मिला है। जिस थाने का शुभारंभ हुआ, उस थाने के वहां तीन पूर्व थ्री-स्टार भी मौजूद थे, जो कभी कुर्सी पर बैठकर इसी थाने पर राज किया करते थे। कुल मिलाकर अधिकारियों वाली दो टेबल सजी थी, तो कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलमकार भी नजर आ रहे थे। कुल मिलाकर अब पुलिस के सूत्र यह बता रहे हैं कि अगला बड़ा खाना भी नदिया पार के उस थाने में होना है, जहां पर अब केवल खड़ंजे वाला काम बचा है। अब देखना होगा की नदिया पार और देहात की शुरूआत के बाद सिटी वाला कौन सा थाना है, जो बड़े खाने की ओपनिंग करेगा और स्वाद लाजवाब प्रस्तुत करेगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि 26 जनवरी के लिए दो थानों को टास्क दिया गया है। देखना होगा कौन रेडी हो पाता है।

आईटीएस में डिजिटल मार्केटिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मोहन नगर स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस यानी आईटीएस में शनिवार को नैसकॉम फाऊंडेशन और एडोब के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने डिजिटल मार्केटिंग की उपयोगिता का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशाला निरंतर होती रहनी चाहिए। आज के डिजिटल मार्केटिंग माहौल को ध्यान में रखकर अपनी क्षमता को विकसित करने के लिए छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। यूजी केंपस की प्रिंसिपल डॉक्टर नैंसी शर्मा ने अतिथियों को मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आज के उभरते हुए डिजिटल मार्केटिंग के नए आयाम के बारे में जानकारी देना था।

कार्यशाला के दौरान डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम की बुनियादी समझ, वर्तमान रुझान, कंटेंट स्ट्रेटजी, ऑडियंस टारगेटिंग और कस्टमर इंगेजमेंट के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यशाला का नेतृत्व नेशनल फेडरेशन की ओर से शिवानी बेग ने किया। इसके अलावा दो अन्य विशेषज्ञ अस्मिता एवं सिमरन ने भी कार्यशाला के आयोजन में सहयोग किया। इस दौरान बीबीए के एचओडी आदिल खान एवं कोऑर्डिनेटर अनुभव श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मुठभेड़ व अवैध हथियार बरामदगी के मामले में आरोपी को जमानत

नोएडा। सत्र न्यायालय ने पुलिस मुठभेड़ और अवैध हथियार की बरामदगी के मामले में आरोपी साजिद को जमानत प्रदान कर दी। मामला थाना जारचा में दर्ज है। साजिद 29 नवंबर 2025 से जिला कारागार में बंद है।

बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि साजिद अपने भाई बाबू के साथ मीट का वैध व्यवसाय करता है जिसकी दुकान का लाइसेंस भी विधिवत पंजीकृत है। 26 नवंबर को पुलिस बिना वर्दी में उसकी दुकान पर पहुंची और पूछताछ के बहाने उसे अपने साथ ले गई और फोन बंद करा दिया। दुकान की सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को आरोपी को ले जाते हुए देखा जा सकता है। आरोपी को चौकी पर घंटों बिठाए रखने के बाद कथित घटना स्थल पर ले जाकर उसके पैर में गोली मारी गई। बाद में उसे मुठभेड़ दिखाकर फर्जी मुकदमे में फंसाया गया। पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप निराधार है। घटना में किसी भी पुलिसकर्मी के घायल होने का उल्लेख नहीं है। जिस सह-आरोपी शहजाद को फरार दिखाया गया है उसे आरोपी जानता तक नहीं है। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस, छुरा, गंडासा, सिरिंज, जाइलोकेन इंजेक्शन, रस्सी और एक बाइक बरामद हुई है। आरोपी सह-आरोपी के साथ मिलकर जाइलोकेन इंजेक्शन के जरिये जानवरों को बेहोश कर उनका कटान करता था और पुलिस टीम पर फायरिंग भी की गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और दस्तावेज देखने के बाद पाया कि कथित पुलिस मुठभेड़ में किसी भी पुलिसकर्मी के घायल होने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है जबकि आरोपी को ही गोली लगने की बात सामने आई है। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में कोई स्वतंत्र सार्वजनिक गवाह नहीं है। कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना कहा कि यह मानने के पर्याप्त आधार हैं कि आरोपी को जमानत दी जानी चाहिए।

पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Sp Singh is with Satnam Kaur.
2d · Joban Sandhu · Malak Di Mehar ·

बेशक, वैवाहिक वर्षगांठ है
मालिक दी मेहर है, रब खैर करे
@highlight

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को अपनी जीवन साथी के साथ फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने अपनी सफल, खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के लिए मालिक की मेहर का शुक्रिया अदा किया और यह कामना की कि रब खैर करे। बधाई शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला चलता रहा। यह पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की तैयारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दरअसल लाहौर के एक विश्वविद्यालय ने संस्कृत पढ़ाने का फैसला किया है और गीता के अध्ययन की शुरूआत की है। इसे पाकिस्तान के सांस्कृतिक क्षेत्र में मील का पत्थर कहा जा सकता है।

पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा।

संस्कृत कोर्स की शुरूआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है।

गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

ट्रंप के फैसले के खिलाफ अमेरिकी राज्य; पहुंचे कोर्ट

वॉशिंगटन। क्या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर एक लाख डॉलर करना गैरकानूनी है? ये सवाल इसलिए सामने आ रहा है क्योंकि अमेरिका के ही 20 राज्यों ने ट्रंप के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आइए जानते है कि क्यों कोर्ट पहुंचे अमेरिकी राज्य और कोर्ट में ऐसी क्या दलील दी, जिससे इस मामले में कानूनी जंग तेज हो गई?

अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें।

राज्यों की दलील क्या है?

राज्यों ने ट्रंप के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी।

राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी। अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डॉलर से 7,595 डॉलर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

कौन-कौन से राज्य इस केस में शामिल हैं: ट्रंप प्रशासन के खिलाफ कोर्ट पहुंचे 20 राज्यों में कैलिफोर्निया और मैसाचुसेट्स के साथ-साथ एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनॉय, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, नॉर्थ कैरोलाइना, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, ओरेगन, रोड आइलैंड, वर्मोंट, वॉशिंगटन और विस्कॉन्सिन जैसे राज्य शामिल है।

कैलिफोर्निया के अटार्नी जनरलरॉब बोन्टा कर रहे केस की अगुवाई

इस केस की अगुवाई कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन के पास इतनी बड़ी फीस लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है। रॉब बोन्टा ने इस बात पर भी जोर दिया कि कैलिफोर्निया दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम जानते हैं कि जब दुनिया भर से कुशल लोग हमारे साथ काम करते हैं, तो हमारा राज्य आगे बढ़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि ट्रंप की तरफ से लगाई गई एक लाख डॉलर की एच-1बी वीजा फीस गैरजरूरी और गैरकानूनी है। इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों की कमी और ज्यादा हो जाएगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी एच-1बी वीजा बहुत अहम, समझिए कैसे?

अमेरिका में स्वास्थ्य संबंधी मामलों में एच-1बी वीजा बहुत अहम माना जाता है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2024 में करीब 17,000 एच-1बी वीजा मेडिकल और हेल्थ सेक्टर के लिए जारी किए गए। इनमें से लगभग आधे डॉक्टर और सर्जन थे। अमेरिका को 2036 तक 86,000 डॉक्टरों की कमी झेलनी पड़ सकती है।

शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर

इतना ही नहीं राज्यों के अटॉर्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डॉक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74% स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है। खासकर स्पेशल एजुकेशन, साइंस, ईएसएल/बाइलिंगुअल शिक्षा और विदेशी भाषाओं में।

रूस व यूक्रेन शांति समझौते में देरी पर भड़के ट्रंप

वॉशिंगटन। रूस और यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर हो रही देरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क उठे हैं। उन्होंने दोटूक रूप से कहा है कि अब बैठकें बहुत हो चुकीं, मुझे सिर्फ नतीजा चाहिए। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की दिशा में धीमी प्रगति को लेकर बेहद निराश हैं। वे सिर्फ बैठक करने के लिए बैठकों में शामिल होने को अब तैयार नहीं हैं।

व्हाइट हाउस ने कहा- राष्ट्रपति बैठकें करके थके

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'राष्ट्रपति ऐसी बैठकों से थक चुके हैं, जिनसे नतीजा नहीं निकलता। राष्ट्रपति को परिणाम चाहिए, सिर्फ बातें नहीं।' गौरतलब है कि अमेरिका चार साल से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। इसे लेकर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं।

ट्रंप के संघर्ष रोकने का दावा फेल

थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम

बैंकॉक। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को थाई वायुसेना ने दो ऋ16 लड़ाकू विमानों से कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे। वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं।

आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए।

मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई।

होटल के बाद पुलों को थाई सेना ने बनाया निशाना

इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।

मैक्सिको के टैरिफ में भारी बढ़ोतरी के फैसले से भारतीय ऑटो उद्योग में चिंता, क्या होगा आगे!

नई दिल्ली। मैक्सिको द्वारा कारों के आयात पर शुल्क को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर अगले साल 50 प्रतिशत करने के फैसले ने भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग में हलचल मचा दी है। यह फैसला उन देशों पर लागू होगा जिनके साथ मैक्सिको का मुक्त व्यापार समझौता नहीं है, और भारत भी इसमें शामिल है। इसके चलते करीब एक अरब डॉलर के भारतीय कार निर्यात पर खतरा मंडराने लगा है। भारतीय ऑटो उद्योग के लिए, जो उत्पादन संतुलन बनाए रखने के लिए निर्यात बाजारों पर काफी हद तक निर्भर रहता है, इसका असर तेजी से और व्यापक रूप में दिख सकता है।

भारत से होने वाले कार निर्यात पर सीधा असर

मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और सऊदी अरब के बाद भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा पैसेंजर व्हीकल निर्यात बाजार बन चुका है। कई वाहन निमार्ताओं के लिए यह सिर्फ एक विदेशी बाजार नहीं, बल्कि बिक्री और उत्पादन को स्थिर रखने वाला अहम गंतव्य है। भारत से मैक्सिको भेजी जाने वाली कुल कारों में लगभग आधी हिस्सेदारी स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन समूह की है। जबकि इसके बाद ह्यूंदै, निसान और मारुति सुजुकी का नंबर आता है।

इनमें से ज्यादातर कारें छोटे इंजन वाली, एक लीटर से कम पेट्रोल क्षमता की होती हैं। जिन्हें खास तौर पर मैक्सिको के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, न कि उत्तर अमेरिकी बाजार के लिए। यही वजह है कि भारतीय वाहन निमार्ता यह तर्क देते रहे हैं कि उनकी कारें मैक्सिको के घरेलू उद्योग से सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करतीं।

कार इंपोर्ट पर मेक्सिको की तरफ से टैरिफ में भारी बढ़ोतरी से भारत में बनी गाड़ियों के लगभग 1 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जिससे वाहन निमार्ताओं को उत्पादन, कीमत और मार्केट स्ट्रेटेजी पर फिर से विचार करना पड़ रहा है।

'हम गरीब हैं, हमारे बच्चों को...', भारत में पकड़े गए पाकिस्तानी मछुआरों के परिवारों ने लगाई गुहार

कराची। भारत की समुद्री सुरक्षा ने सीमा पार करने के आरोप में 11 पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। ऐसे में अब पकड़े गए मछुआवों के परिवारों ने पाकिस्तान सरकार के माध्यम से भारत से उन्हें छोड़ने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि वे गरीब मछुआरे हैं और मछली पकड़कर ही रोजी-रोटी कमाते हैं।

भारत की समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने भारतीय सीमा में प्रवेश करने के आरोप में इस हफ्ते 11 पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग लड़के भी शामिल हैं। ऐसे में अब इन मछुआरों के परिवारों ने भारत और पाकिस्तान सरकार से उनकी रिहाई के लिए गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि हम सभी लोग गरीब मछुआरे हैं और मछली पकड़कर ही अपना घर चलाते हैं।

उन्होंने पाकिस्तान सरकार से कहा है कि वह राजनयिक रास्ते से भारत से बात कर मछुआरों को छुड़ाने की कोशिश करे। गिरफ्तार मछुआरे गुलाम मुस्तफा के पिता अहमद ब्रोही ने बताया कि सभी मछुआरे कराची के इब्राहिम हैदरी नाम के एक मछुआरा गांव में रहते हैं।

'हम बहुत गरीब लोग हैं'

गिरफ्तार मछुआरे गुलाम मुस्तफा के पिता अहमद ब्रोही ने आगे कहा कि हम बहुत गरीब लोग हैं। मछली पकड़कर ही रोजी-रोटी चलती है। पहले भी हम बहुत दुख झेल चुके हैं। सरकार से गुजारिश है कि कुछ करे। उन्होंने इस दौरान एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि चार साल पहले भी उनके इलाके के तीन मछुआरे इसी तरह पकड़े गए थे और वे अब तक भारत की जेलों में बंद हैं।

अब समझिए कैसे हुई गिरफ्तारी

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार बुधवार को भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) ने इन 11 मछुआरों को पकड़ा। उनकी नाव गुजरात के जखाऊ इलाके के पास भारतीय समुद्री सीमा में पाई गई थी। हालांकि, सिंध फिशरीज विभाग की प्रमुख फातिमा मजीद ने कहा कि संभव है मछुआरे गलती से भारतीय सीमा में चले गए हों।

इसके बाद फातिमा मजीद ने बताया कि अरब सागर में भारत और पाकिस्तान के बीच कोई साफ सीमा दिखाई नहीं देती, इसलिए अक्सर मछुआरे अनजाने में सीमा पार कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि काजर क्रीक और सर क्रीक ऐसे इलाके हैं, जहां दोनों देशों के मछुआरे अक्सर पकड़े जाते हैं। ये इलाके गुजरात के पास पड़ते हैं। फातिमा ने कहा कि गरीब मछुआरों के लिए समुद्र में कोई सीमा नहीं होती। उन्हें सिर्फ अपने परिवार का पेट भरना होता है।

नाबालिग बच्चों को छोड़ने की मांग: इस बार पकड़े गए मछुआरों में 12 साल का जहीर और 15 साल का हबीब भी शामिल हैं। फातिमा मजीद ने भारत से अपील की कि कम से कम बच्चों को मानवीय आधार पर रिहा कर दिया जाए। गौरतलब है कि पाकिस्तान फिशरफोक फोरम के मुताबिक, इस ताजा गिरफ्तारी के बाद भारत की जेलों में बंद पाकिस्तानी मछुआरों की संख्या करीब 74 हो गई है।

नेपाल में वर्दी में वीडियो बनाने पर पुलिसवालों पर कार्रवाई, लगातार की जा रही निगरानी

काठमांडू। स्क्रीनिंग के दौरान नियम उल्लंघन में शामिल पाए गए कर्मियों पर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग डिपार्टमेंट की सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की गई। वहीं नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को शामिल कर मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या 14 कर दी है।

नेपाल में आर्म्ड पुलिस फोर्स की वर्दी पहनकर टिकटॉक और रील वीडियो बनाने के आरोप में 212 सशस्त्र पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

सशस्त्र पुलिस बल मुख्यालय के प्रवक्ता मनीष थापा ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पर वर्दी का प्रयोग कर वीडियो बनाना आचार संहिता के खिलाफ है। इसलिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाए गए। पुलिस के अनुसार, दोषी कर्मियों को नसीहत, पदोन्नति रोक, चेतावनी, सतर्क रहने का निर्देश, मौखिक रूप से समझाने जैसे तरीके अजमाए गए हैं।

'कोई बड़ी बात नहीं', एपस्टीन के साथ सामने आईं ट्रंप की तस्वीरें

वॉशिंगटन। अमेरिका की हाउस ओवरसाइट कमेटी ने जेफरी एपस्टीन की संपत्ति से 19 नई तस्वीरें जारी कीं, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई प्रमुख हस्तियां नजर आईं। इस बात पर ट्रंप ने मामूली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कोई बड़ी बात नहीं है। एपस्टीन के पास हर किसी के साथ फोटो थीं और यह कोई बड़ी बात नहीं है।

हाउस ओवरसाइट कमेटी ने जेफरी एपस्टीन की संपत्ति से 19 नई तस्वीरें जारी कीं, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई प्रमुख हस्तियां नजर आईं। - फोटो : अठक

यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का मामला एक बार फिर चर्चा में है। कारण है कि हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट्स ने शुक्रवार को दिवंगत देह व्यापारी जेफ्री एपस्टीन के एस्टेट से प्राप्त तस्वीरों का दूसरा सेट जारी किया। इन 19 नई तस्वीरों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, पूर्व ट्रेजरी सचिव लैरी समर्स और फिल्म निमार्ता वूडी एलन समेत कई जाने-माने राजनीतिक और व्यावसायिक हस्तियां दिखाई दे रही हैं। अब ऐसे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जारी इन तस्वारों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स के द्वारा जारी की गई तस्वीर पर हल्के अंदाज में प्रतिक्रिया दी। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा कि हाल ही में सामने आई तस्वीरें जिनमें वह देह व्यापारी अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ दिख रहे हैं, 'कोई बड़ी बात नहीं हैं। मीडिया ने उनसे इन तस्वीरों के बारे में सवाल किया, तो ट्रंप ने कहा कि मैंने इन्हें नहीं देखा, लेकिन हर कोई इस आदमी को जानता था।

हाउस ओवरसाइट कमेटी ने जारी की तस्वीर: बता दें कि ये तस्वीरें हाउस ओवरसाइट कमेटी द्वारा जारी की गई हैं, जिसमें एपस्टीन के साथ कई प्रमुख व्यक्तियों जैसे ट्रंप, बिल क्लिंटन, बिल गेट्स, रिचर्ड ब्रैनसन और स्टीव बैनन भी नजर आ रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका में निमार्णाधीन मंदिर गिरने से दो लोगों की मौत; मलबे में कई लोग फंसे

डरबन। दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में शुक्रवार दोपहर को चार मंजिला मंदिर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मलबे में कई लोग दबे हैं, जिन्हें बचाने के लिए अभियान चल रहा है। मुश्किल हालात के बीच, मलबे में सावधानी से ड्रिल करके जिंदा लोगों को ढूंढने की कोशिश हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक मजदूर की हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कंक्रीट का एक ढांचा मंदिर पर डाला जा रहा, जिससे पूरा ढांचा गिर गया और पूरी साइट गिर गई।

दक्षिण अफ्रीका में एक निमार्णाधीन मंदिर के गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। अभी भी मलबे में कई लोगों को दबे होने की आशंका है। फिलहाल मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए बचाव कार्य चल रहा है।

मलबे में कई लोग फंसे: मलबे में कितने लोग फंसे हुए हैं, यह जानकारी नहीं मिल सकी है। बचावकर्मी लोगों को बचाने में जुटे हैं। इस बीच, एक 54 साल के व्यक्ति, जो अपने परिवार के साथ मंदिर आए थे, घटना के बारे में सुनने के बाद उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

ईथेक्विनी (पहले डरबन) की नगर पालिका ने कहा कि मंदिर बनाने के लिए किसी बिल्डिंग प्लान को मंजूरी नहीं दी गई है और इसका निर्माण गैर-कानूनी तरीके से हो रहा था।

दो साल पहले शुरू हुआ था मंदिर का निर्माण: अहोबिलम टेम्पल ऑफ प्रोटेक्शन के नाम से मशहूर, इस मंदिर को एक गुफा जैसा बनाया जा रहा था, जिसमें भारत से लाए गए पत्थरों और उस जगह से खोदे गए पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इन पत्थरों को पहली मंजिल पर प्लास्टर किया जा रहा था।

कोठरी में इमरान खान को एकांत कारावास; यूएन विशेषज्ञ ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र का यातना मामलों की विशेषज्ञ ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति पर चिंता जताई और पाकिस्तान सरकार से कहा कि वह तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। विशेषज्ञ ने कहा कि खान को दिन में 23 घंटे एकांतवास में रखा जा रहा है।

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।

एडवर्ड्स ने कहा, मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों।

उन्होंने बताया कि 26 सितंबर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है।

विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

इमरान खान (72 वर्षीय) को पहले से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसमें 2013 के एक हादसे में गंभीर रीढ़ की चोट और 2022 की हत्या के प्रयास में गोली लगना शामिल है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान को पर्याप्त चिकित्सा सहायता नहीं दी गई है। मैं अधिकारियों से आग्रह करती हूं कि उनके निजी चिकित्सकों को मिलने की अनुमति दी जाए।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

सपा नेता अनिल यादव के जन्मदिन पर भव्य समारोह आयोजित

गाजियाबाद करंट क्राइम। सपा नेता अनिल यादव का 59 वां जन्मदिन धूम-धाम से मनाया गया। गुरूग्राम में आयोजित एक भव्य समारोह में अनिल यादव और उनकी पत्नी रमा यादव ने योहिमा तथा कुश यादव, बेबी अगस्तया और बेबी रूद्रा के आने की खुशी को भी सभी के साथ साझा किया। यादव परिवार में आयोजित इस मंगल कार्यक्रम में राजनीति, पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र के प्रतिष्ठि गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने बधाई और शुभकामनायें दीं।

एसएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

खेल बच्चों को मजबूत और स्वस्थ बनने में मदद करता है : देवेंद्र यादव

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। स्कूल के प्रबंधक देवेंद्र यादव ने बच्चों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में उपस्थित प्रधानाचार्य प्रमिला नागर ने कहा, खेलकूद प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है; यह शारीरिक तंदुरुस्ती के साथ-साथ आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ाता है।

स्कूल के प्रबंधक देवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा, स्कूल को बेहतर बनाने के लिए हम बच्चों पर विशेष ध्यान देते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता उनके लिये एक ऐसा मंच है जहाँ वे अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को दिखा सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों के उत्साह को सराहा। स्कूल के प्रबंधक देवेंद्र यादव ने कहा, खेल बच्चों को मजबूत और स्वस्थ बनने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास, टीम भावना और अनुशासन जैसे गुण भी विकसित करता है।

उन्होंने ने कहा कि स्कूल बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है और भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रहेगा। उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों के उत्साह की सराहना की और इस पहल को सराहनीय बताया।

बीएम रेजिडेंसी के खातों से किसने निकाल ली रकम

- निवर्तमान अध्यक्ष ने लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। बाल मुकुन्द रेजिडेंसी अपार्टमेंट ऑनर ऐसोसिएशन राजनगर एक्सटेंशन में फर्जीवाड़े के मामले की गूंज डिप्टी रजिस्ट्रार के ऑफिस से लेकर पुलिस तक है।

सोसाईटी की निवर्तमान अध्यक्ष डा. शबनम खान ने ये आरोप लगाया है कि वह मौजूदा अध्यक्ष हैं और उन्हें ये पता चला कि सोसायटी का अध्यक्ष बताकर किसी ने खुद को बैंक में जाकर लाखों रूपये का लेनदेन कर लिया। यह पूरी तरह से फर्जीवाड़ा था। और जब उन्हें इसी जानकारी हुई तो उन्हें पता चला कि धमेन्द्र मौर्या, प्रकाश रंजन, विनय शर्मा तथा प्रवीन ने बैंक में जाकर खुद को एओए का पदाधिकारी बताया। धमेन्द्र मौर्या ने खुद को अध्यक्ष बताया। इसके बाद बैंक में यह कहा गया कि अध्यक्ष डा. शबनम खान ने अपना त्याग पत्र दे दिया है। इस पूरे मामले में अब रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

वहीं डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय से एक लैटर 12नवम्बर को प्राप्त हुआ था। जिसमें चुनाव का आदेश था और इस हेतू निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया था। इसी पत्र में ये कहा गया था कि निर्वाचन सम्पन्न होने तक दैनिक व्यय के अतिरिक्त अन्य व्यय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। इस मामले में शबनम खान ने खुद को संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुए कार्यालय में पत्र प्राप्त कराया। जिसमें उल्लेख किया गया कि वर्तमान में जबतक आगामी चुनाव नहीं होते तब तक सोसायटी की एओए अध्यक्ष की वैध स्थिति किसके पास अधिनियमित रूप से होगी। इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने की बात कही गयी।

इस क्रम में डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अवगत कराया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध प्रपत्रों के आधार पर कार्यालय के आदेश द्वारा 15 अक्टूबर के द्वारा संस्था का पिछला निर्वाचन 20 अगस्त 2024 को माना है। संस्था के निर्वाचन 2024 में प्रकाश रंजन, शबनम खान, ललितेश गुप्ता, धमेन्द्र मौर्या, उपेन्द्र बहादुर सिंह, विजय प्रकाश मिश्रा, देव गौतम, मीना देवी, और नमिता त्यागी निर्वाचित दर्शाये गये हैं। संस्था के पूर्व अध्यक्ष महासचिव के पत्र के अनुसार शबनम खान अध्यक्ष, श्रीप्रकाश रंजन सचिव, ललितेश गुप्ता कोषाध्यक्ष और धमेन्द्र मौर्या उपाध्यक्ष हैं। देव गौतम सह सचिव दर्शाये गये हैं।

इस संबंध में बार एसोसिएशन की पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा सोसायटी की निवर्तमान अध्यक्ष डा. शबनम खान का कहना है कि बैंक में झूठी सूचना दी गयी और गुमराह कर पैसा निकाला गया। उन्होंने किसी प्रकार का कोई त्याग पत्र नहीं दिया है। बल्कि धमेन्द्र मौया ने 18दिसम्बर 2024 को अपना त्याग पत्र रजिस्ट्रार कार्यालय में रिसीव कराया है। प्रकाश रंजन ने भी 21 नवम्बर को 2025 को अपना त्याग पत्र रिसीव कराया है। उन्होंने कहा कि यह सीधे सीधे फर्जीवाड़े का मामला है और अब इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

गाजियाबाद में मतदाता सूची चस्पा करने में ढिलाई, 50% बूथों पर ही चस्पा हुई वोटर लिस्ट; अब सभी बूथों पर चलेगा अभियान

गाजियाबाद करंट क्राइम। जिले में मृतक, अनट्रेस, और शिफ्टेड श्रेणी के मतदाताओं की सूची पोलिंग बूथों पर चस्पा करने का कार्य शनिवार को बीएलओ द्वारा आरंभ किया गया। हालांकि, सूची चस्पा करने की प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। जिला प्रशासन ने लगभग 50 प्रतिशत बूथों पर सूची चस्पा करने का दावा किया है। शेष बूथों पर रविवार को विशेष अभियान के तहत सूची चस्पा करने के निर्देश सभी बीएलओ को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, गणना प्रपत्र जमा न करने वाले मतदाताओं की सूची गाजियाबाद की एनआईसी की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।

शनिवार को सभी बूथों पर सूची चस्पा न होने के कारण पोलिंग बूथ पर

पहुंचे मतदाता मायूस होकर लौट गए। दोपहर दो बजे तक वार्ड 77 में वैशाली सेक्टर-तीन और चार के बूथों पर कोई सूची चस्पा नहीं हुई और न ही वहां कोई बीएलओ उपस्थित था। इससे लोग निराश होकर वापस लौटते रहे। मतदाताओं का कहना था कि शनिवार को मृतक, अनट्रेस, शिफ्टेड, डुप्लीकेट आदि की लिस्ट चस्पा होनी थी, ताकि वे अपने परिवार के सदस्यों के नाम देख सकें कि कहीं किसी का नाम कट तो नहीं गया है।

लोनी में दोपहर दो बजे बूथ संख्या 379 पर पहुंचे मतदाता त्रिवेणी स्कूल में सूची न मिलने पर मायूस होकर लौट गए। इसी प्रकार अशोक विहार स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 90, 91, 92, 93 में भी सूची चस्पा न होने से लोग परेशान दिखे। दोपहर तीन बजे भोपुरा की कृष्ण विहार कुटी के निकिता इंटर कॉलेज में बने पोलिंग बूथ पर भी सूची चस्पा नहीं मिली। यहां दो बीएलओ पहुंचे, लेकिन दोपहर तक सूची न होने से लोगों को कठिनाई हुई।

मोदीनगर में दोपहर डेढ़ बजे पीवीएस इंटर कॉलेज और बेगमाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी पोलिंग बूथों पर अनट्रेस मतदाताओं की सूची चस्पा नहीं की गई।

बृज विहार में श्रीराम कथा शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। बृज विहार स्थित श्री सत्यानारायण मंदिर (रजि.) के प्रांगण में शनिवार को कलश शोभा यात्रा के साथ श्री रामकथा का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने इस यात्रा में भाग लेकर 'जय श्रीराम' के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में पार्षद विनय चौधरी, योगेश त्रिपाठी, दीप तोमर, विक्रम चौधरी, बृजेश सिंह, अमित छौंकर, जगदीश्वर प्रसाद, सुनील पंवार, राजेश सिंह, दानी सिंह, एस.एन. ठाकुर, दीप कुमार, सुधीर राय, उमेद सिंह, पुष्कर सिंह, नगर कोटि, रजनीश, सुनीता चौधरी, पूनम त्यागी, पद्मा त्रिपाठी, गीता सिंह, मंजू भदौरिया, उर्वशी, प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

कलश यात्रा के बाद विधिवत पूजन-अर्चन के साथ श्री रामकथा का प्रथम दिवस शुरू हुआ। कथा व्यास पं. श्रीकांत पाण्डेय ने श्री राम कथा की महिमा और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामकथा मानव जीवन को धर्म, सत्य, कर्तव्य और आदर्शों की राह पर चलने की प्रेरणा देती है।

सीवर ओवरफ्लो से जनता हो रही परेशान शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के न्याय खंड-3 की 664 नंबर गली में सीवर पानी के साथ-साथ घर की टंकी भी ओवरफ़्लो होने से सड़क पर पानी जमा है। इंदिरापुरम के न्याय खंड-3 में स्थित 664 नंबर गली के रहने वाले अंकित त्यागी ने बताया कि गली में न सिर्फ सीवर का गंदा पानी जमा हो रहा है, बल्कि कई घरों की पानी की टंकी ओवरफ़्लो होकर सड़क पर बह रही है। हर बारिश में गली में पानी भर जाता है, और जब टंकी ओवरफ़्लो होती है तो हालात और बिगड़ जाते हैं, अंकित ने कहा। उन्होंने कई बार स्थानीय जल विभाग और नगर निगम में शिकायत की, पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गली में रहना अब मुश्किल हो गया है—चलने-फिरने में दिक्कत, बच्चों को स्कूल भेजना भी जोखिम भरा हो गया है।

खोड़ा में कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा के हिमालय इंक्लेव के प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मन्दिर ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित श्री राम कथा का शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा निकली गई। मंदिर परिसर से शुरू हुई यात्रा हिमालय इंक्लेव, प्रेमविहार, सेक्टर-62, पवन विहार, मिथिला विहार, सैनिक विहार, संडे बाजार होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई।

ट्रस्ट के महासचिव विनोद नागर ने बताया कि अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक संत नारायण हरि महाराज के मुखारबिंद से श्री राम कथा 13 से 20 दिसंबर तक दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक आयोजित होगी। वहीं 21 दिसंबर पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा रीना भाटी, भाजपा नेता योगेश भाटी, घनश्याम तिवारी, विनोद तिवारी, विनोद कुमार नागर, तेजपाल गुप्ता, डी.पी. उपाध्याय, हरिश्चंद्र शर्मा, सूरज सिंह कुशवाह, परमात्मा यादव आदि लोग मौजूद रहे।

गाजियाबाद के तुलसी निकेतन में देह व्यापार का भंडाफोड़, दो महिलाएं मुक्त, एक गिरफ्तार

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में देह व्यापार का एक मामला सामने आया है। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के तुलसी निकेतन स्थित एक फ्लैट में चल रहे अवैध धंधे का पुलिस ने खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वहां से दो महिलाओं को मुक्त कराकर सुरक्षित रूप से उनके घर भेज दिया है।

पुलिस ने यह कार्रवाई इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह के अनुसार, शुक्रवार को एक्स पर क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में लगाए गए आरोपों की जांच के लिए चौकी प्रभारी को



मौके पर भेजा गया, जहां आरोप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और फ्लैट खुलवाया गया।

फ्लैट के अंदर दो महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिलीं। पूछताछ में पता चला कि एक महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है, जबकि दूसरी दिल्ली की निवासी है। दोनों को 500-500 रुपये का लालच देकर इस धंधे में फंसाया गया था।

पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के चंद्रपुरी निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। वहीं, लोनी निवासी राकेश कश्यप उर्फ रवि और सरिता नाम की महिला फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

नौकरी दिलाने के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से ठगी

गाजियाबाद करंट क्राइम। मेट्रो, बैंक, अस्पताल, एयरपोर्ट समेत अन्य जगह नौकरी दिलवाने के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इसको लेकर नेहरू नगर द्वितीय में राधिका कुंज स्थित आरएस हेल्थ केयर मैनेजमेंट मार्केटिंग कंपनी के कार्यालय में शुक्रवार को 50 से अधिक युवक-युवतियों ने हंगामा किया।

इसके बाद सिहानी गेट पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर युवाओं के शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ठगी की रकम का आकलन किया जा रहा है। प्राथमिक जांच में 30 लाख रुपये से ज्यादा ठगी की बात सामने आई है। अभी पीड़ित सामने आ रहे हैं। यह रकम बढ़ भी सकती है।एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया, बेरोजगार युवक-युवतियों का आरोप है कि नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई शहरों के करीब एक हजार

युवाओं से ठगी की गई है। आरोपी आउटसोर्सिंग कंपनी बनाकर इंटरनेट मीडिया, पोस्टर और फोन कॉल के जरिये बेरोजगारों को आकर्षित करते हैं। नौकरी के नाम पर रजिस्ट्रेशन, ट्रेनिंग, प्रोसेसिंग फीस, फाइल चार्ज और सिक्योरिटी डिपॉजिट जैसे विभिन्न मदों में दो हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक वसूले गए हैं। मालीवाड़ा निवासी आशीष ठाकुर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि ट्रेनिंग के बाद युवाओं को मेट्रो टिकट काउंटर, बैंकिंग असिस्टेंट, अस्पताल स्टाफ, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर समेत 80 तरह की नौकरियों का भरोसा दिलाया गया। कई पीड़ितों के अनुसार, नौकरी देने के बजाय एक महीने बाद उन्हें शैंपू-साबुन बेचने का टारगेट थमा दिया गया। इसके बाद युवाओं ने विरोध शुरू कर दिया।

एसीपी ने बताया कि मामले में रितेश कुमार निवासी न्यू भूड़ कॉलोनी थाना पुरानी सब्जी मंडी फरीदाबाद हरियाणा और अमन निवासी भगवती गार्डन, जैन रोड द्वारका थाना उत्तमनगर नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।